पंजीकरण संख्या–यू0ए0/डी0ओ0/डी0डी0एन0/30/2018–2020

सरकारी गजट, उत्तराखण्ड

उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रकाशित

रुड़की

खण्ड–20] रुड़की, शनिवार, दिनांक 31 अगस्त, 2019 ई0 (भाद्रपद 09, 1941 शक सम्वत्) [संख्या–35

विषय–सूची

प्रत्येक भाग के पृष्ठ अलग–अलग दिये गए हैं, जिससे उनके अलग–अलग खण्ड बन सकें

विषय	पृष्ठ संख्या	वार्षिक चन्दा
		रु0
सम्पूर्ण गजट का मूल्य	–	3075
भाग 1–विज्ञप्ति–अवकाश, नियुक्ति, स्थान–नियुक्ति, स्थानान्तरण, अधिकार और दूसरे वैयक्तिक नोटिस ...	423–486	1500
भाग 1–क–नियम, कार्य-विधियां, आज्ञाएं, विज्ञप्तियां इत्यादि जिनको उत्तराखण्ड के राज्यपाल महोदय, विभिन्न विभागों के अध्यक्ष तथा राजस्व परिषद् ने जारी किया ...	1005–1017	1500
भाग 2–आज्ञाएं, विज्ञप्तियां, नियम और नियम विधान, जिनको केन्द्रीय सरकार और अन्य राज्यों की सरकारों ने जारी किया, हाई कोर्ट की विज्ञप्तियां, भारत सरकार के गजट और दूसरे राज्यों के गजटों के उद्धरण	–	975
भाग 3–स्वायत्त शासन विभाग का क्रोड़-पत्र, नगर प्रशासन, नोटीफाइड एरिया, टाउन एरिया एवं निर्वाचन (स्थानीय निकाय) तथा पंचायतीराज आदि के निदेश जिन्हें विभिन्न आयुक्तों अथवा जिलाधिकारियों ने जारी किया ...	449–470	975
भाग 4–निदेशक, शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड	–	975
भाग 5–एकाउन्टेन्ट जनरल, उत्तराखण्ड	–	975
भाग 6–बिल, जो भारतीय संसद में प्रस्तुत किए गए या प्रस्तुत किए जाने से पहले प्रकाशित किए गए तथा सिलेक्ट कमेटियों की रिपोर्ट	–	975
भाग 7–इलेक्शन कमीशन ऑफ इण्डिया की अनुविहित तथा अन्य निर्वाचन सम्बन्धी विज्ञप्तियां	–	975
भाग 8–सूचना एवं अन्य वैयक्तिक विज्ञापन आदि ...	151	975
स्टोर्स पर्चेज–स्टोर्स पर्चेज विभाग का क्रोड़-पत्र आदि ...	–	1425

भाग 1

विज्ञप्ति–अवकाश, नियुक्ति, स्थान–नियुक्ति, स्थानान्तरण, अधिकार और दूसरे वैयक्तिक नोटिस

समाज कल्याण अनुभाग–04

अधिसूचना

प्रकीर्ण

09 जुलाई, 2019 ई0

संख्या 259/XVII–04/2019–01(04)वि0क0/2017–चूँकि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 (अधिनियम संख्या 49, वर्ष 2016) की धारा 101 की अपेक्षानुसार उत्तराखण्ड दिव्यांगजन अधिकार नियमावली, 2018 का प्रारूप प्रभावित होने वाले समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों से आपत्तियां एवं सुझाव आमंत्रित करने की दृष्टि से विज्ञप्ति संख्या 3708 दिनांक 14.12.2018 द्वारा प्रकाशित किया गया था;

और चूँकि उक्त नियमावली के प्रारूप पर पूर्वोक्त विज्ञप्ति के अनुसरण में जनसाधारण से प्राप्त आपत्तियां और सुझावों पर राज्य सरकार द्वारा विचार कर लिया गया है, और तद्नुसार प्रारूप नियमावली में संशोधन कर लिया गया है;

अतः अब राज्यपाल दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 (अधिनियम संख्या 49, वर्ष 2016) की धारा 101 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित नियमावली बनाते है, अर्थात्–

उत्तराखण्ड दिव्यांगजन अधिकार नियमावली, 2019

भाग–एक

सामान्य

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ 1. (1) इस नियमावली का संक्षिप्त नाम उत्तराखंड दिव्यांगजन अधिकार नियमावली 2019 है।

(2) यह तुरन्त प्रवृत्त होगी।

परिभाषाएं– 2. (1) इस नियमावली में, जब तक की संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, –

(क) **"अधिनियम"** से दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 (अधिनियम संख्या 49 वर्ष 2016) अभिप्रेत है ;

(ख) **"केन्द्र सरकार"** से भारत सरकार अभिप्रेत है ;

(ग) **"प्रमाण–पत्र"** से दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 की धारा 57 की उप–धारा (1) में निर्दिष्ट प्रमाणकर्ता प्राधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता का प्रमाण पत्र अभिप्रेत है ;

(घ) **"रजिस्ट्रीकरण का प्रमाण–पत्र"** से दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 की धारा 50 के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी रजिस्ट्रीकरण का प्रमाण पत्र अभिप्रेत है ;

(ङ) **"जिला स्तर दिव्यांगता समिति"** से दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 की धारा 72 के अधीन राज्य सरकार द्वारा गठित जिला स्तर समिति अभिप्रेत है;

(च) **"प्रारूप"** से इस नियमावली में संलग्न प्रारूप अभिप्रेत है;

(छ) **"राज्य"** से उत्तराखंड राज्य अभिप्रेत है ;

(ज) **"राज्य आयुक्त"** से दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 की धारा 79 के अधीन और इस नियमावली के अनुसार राज्य सरकार द्वारा नियुक्त राज्य आयुक्त अभिप्रेत है ;

(झ) **"राज्य सरकार"** से उत्तराखंड राज्य की सरकार अभिप्रेत है।

(2) उन शब्दों और पदों का जो इस नियमावली में प्रयुक्त है और परिभाषित नहीं है, लेकिन दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 में परिभाषित हैं, का क्रमशः वही अर्थ होगा, जो उनका अधिनियम में दिया गया है।

भाग दो– राज्य समिति

दिव्यांगता अनुसंधान के लिए राज्य समिति का गठन

3. (1) राज्य सरकार दिव्यांगजन को प्रताडना, क्रूर अमानवीय या अपमानजक व्यवहार से संरक्षित करने हेतु एक दिव्यांगता अनुसंधान समिति का गठन करेगी, जिसमें निम्नलिखित सदस्य होंगे, अर्थात :–

(एक)	निदेशक, समाज कल्याण,	**पदेन अध्यक्ष**
(दो)	निदेशक, स्वास्थ्य विभाग,	**पदेन सदस्य,**
(तीन)	दिव्यांग व्यक्तियों के प्रतिनिधियों के रूप में 03 सदस्य या राज्य स्तर पर रजिस्ट्रीकृत संस्थाओं से प्रतिनिधि के रूप में तीन व्यक्ति, जो अधिनियम की अनुसूची में विनिर्दिष्ट दिव्यांगताओं में से कोई पांच अलग–अलग दिव्यांगताओं का प्रतिनिधित्व करते हों, परन्तु उक्त सदस्यों में से कम से कम एक महिला प्रतिनिधि हो, राज्य सरकार द्वारा नामनिर्देशित किये जायेंगे।	**सदस्य,**

(2) अध्यक्ष किसी विषय विशेषज्ञ को, विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में आमंत्रित कर सकेगा।

(3) मनोनीत सदस्यों के कार्यकाल की अवधि, समिति के गठन से तीन वर्ष के लिए होगी। नामांकित सदस्य पुनः एक और कार्यकाल के लिए नाम निर्देशन के लिए पात्र होंगे।

(4) बैठक की गणपूर्ति कुल सदस्य संख्या का आधा भाग होगी।

(5) गैर–शासकीय सदस्य और विशेष आमंत्रित सदस्यों को राज्य सरकार के समूह "क" या समकक्ष अधिकारी के समान यात्रा भत्ता और दैनिक भत्ता देय होगा।

(6) राज्य सरकार, आवश्यकतानुसार समिति के कार्य संचालन हेतु लिपिकीय व अन्य कर्मचारियों की व्यवस्था समय–समय पर कर सकेगी।

सीमित संरक्षता 4. राज्य सरकार द्वारा अभिहित संबन्धित जिलाधिकारी द्वारा विधिक रूप में बाध्यकारी विनिश्चिय लेने में असमर्थ दिव्यांगजन हेतु सीमित संरक्षकों को निम्नलिखित रूप से नियुक्ति किया जा सकेगा–

(1) सम्बन्धित जिलाधिकारी दिव्यांगजन के सम्बन्ध में कानूनी तौर पर बाध्यकारी निर्णय लेने के लिए सीमित संरक्षकता प्रदान करेगा।

(2) सम्बन्धित जिलाधिकारी दिव्यांगजन के लिए सीमित संरक्षकता प्रदान करने से पहले, स्वयं का समाधान करेगा कि वह व्यक्ति अपने स्वयं के कानूनी तौर पर बाध्यकारी निर्णय लेने की स्थिति में नहीं है।

(3) सम्बन्धित जिलाधिकारी, सीमित संरक्षकता के संबंध में आवेदन की प्राप्ति की तारीख या सीमित संरक्षकता की आवश्यकता अपने नोटिस में आने की तारीख से 03 माह की अवधि के भीतर आवश्यक निर्णय लेगा। किन्तु जिलाधिकारी सीमित संरक्षक के रूप में कार्य करने के लिए संरक्षक व्यक्ति की सहमति सीमित संरक्षकता के अनुदान से पहले प्राप्त करेगा।

(4) सम्बन्धित जिलाधिकारी नियुक्त संरक्षक व दिव्यांगजन का रिकॉर्ड रखेगा।

कार्यकाल 5. (1) प्रारम्भ में पांच वर्षों की अवधि के लिए सीमित संरक्षक की नियुक्ति की जाएगी, ऐसी अवधि को सम्बन्धित जिलाधिकारी द्वारा बढ़ाया जा सकेगा।

(2) सीमित संरक्षकता की अवधि बढ़ाते समय सम्बन्धित जिलाधिकारी उसी प्रक्रिया का पालन करेगा, जैसा कि प्रथम बार सीमित संरक्षकता प्रदान करते समय किया गया।

संरक्षक की नियुक्ति हेतु अर्हताए 6. (1) सीमित संरक्षकता प्रदान करते समय सम्बन्धित जिलाधिकारी उपयुक्त व्यक्ति की निम्नलिखित प्राथमिकता के आधार पर सीमित संरक्षकता के रूप में नियुक्त करने पर विचार करेगा :–

(क) दिव्यांग व्यक्ति के माता–पिता या वयस्क बच्चे ;

(ख) दिव्यांग व्यक्ति के भाई या बहन ;

(ग) अन्य रक्त रिश्तेदार या देखभाल करने वाले स्थानीय व्यक्ति या रजिस्ट्रीकृत संगठन।

(2) 18 वर्ष से अधिक आयु वाला वह व्यक्ति सीमित संरक्षक नियुक्त किया जायेगा, जो दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 (अधिनियम संख्या 2 वर्ष 1974) में परिभाषित संज्ञेय अपराध के लिए दोषी नहीं पाया गया हो।

(3) सीमित संरक्षक की नियुक्ति पर निर्णय लेते समय, सम्बन्धित जिलाधिकारी यह सुनिश्चित करेगा कि व्यक्ति–

(क) भारत का नागरिक हो ;

(ख) विकृत चित्त न हो अर्थात मानसिक रोगी न हो ;

(ग) आपराधिक इतिवृत्त नहीं रखता हो ;

(घ) अपने जीवन निर्वाह के लिए किसी अन्य पर आश्रित न हो; और
(ङ) वह दिवालिया घोषित न हो।

(4) यदि सीमित संरक्षक के रूप में सम्बन्धित जिलाधिकारी को एक संस्थान या संगठन को नियुक्त करना समीचीन प्रतीत होता है तो निम्नलिखित निर्देशों का पालन किया जायेगा :–

(क) संस्थान को राज्य या केंद्र सरकार से मान्यता प्राप्त होनी चाहिए;

(ख) दिव्यांगता पुनर्वास सेवाओं को प्रस्तुत करने और दिव्यांग व्यक्तियों के अपने आवासीय सुविधाओं या होस्टल के बोर्ड द्वारा निर्धारित स्थल, स्टाफ, फर्नीचर, पुनर्वास और चिकित्सा सुविधाओं का न्यूनतम स्तर बनाये रखा गया हो।

सीमित संरक्षक नियुक्ति के आदेश के विरूद्ध अपील

7. सीमित संरक्षक नियुक्ति के सम्बन्ध में जिलाधिकारी के फैसले से पीड़ित व्यक्ति, राज्य आयुक्त के समक्ष अपील प्रस्तुत कर सकता है।

भाग तीन– नोडल अधिकारी तथा प्रतितोष अधिकारी

नोडल अधिकारी की नियुक्ति

8. राज्य सरकार द्वारा वित्त पोषित एवं मान्यता प्राप्त सभी शिक्षण संस्थाओं में दिव्यांग बालकों/बालिकाओं के दाखिले तथा अन्य गतिविधियों के संचालन हेतु, जो अधिनियम की धारा 16 एवं 31 में उल्लिखित है, सम्बन्धित जिले के जिला शिक्षा अधिकारी को नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्त करेगी।

शिकायत प्रतितोष अधिकारी की नियुक्ति

9. (1) राज्य का प्रत्येक सरकारी स्थापन इस नियमावली के लागू होने के 60 दिन के भीतर शिकायत प्रतितोष अधिकारी की नियुक्ति करेगा, जो राजपत्रित अधिकारी से अन्यून नहीं होगा;

परन्तु जहाँ किसी राजपत्रित अधिकारी को नियुक्ति करना संभव न हो वहां सरकारी स्थापन किसी वरिष्ठ अधिकारी को शिकायत प्रतितोष अधिकारी के रूप में नियुक्त कर सकेगा।

(2) शिकायत प्रतितोष अधिकारी शिकायतों का एक रजिस्टर रखेगा जिसमें निम्नलिखित विशिष्टियां रखेगा, अर्थात–

(क) शिकायत की तारीख,
(ख) शिकायतकर्ता का नाम,
(ग) उस व्यक्ति का नाम, जो शिकायत की जांच कर रहा है,
(घ) घटना का स्थान,
(ङ) स्थापन या व्यक्ति का नाम, जिसके विरूद्ध शिकायत की गई है,
(च) शिकायत का सार,
(छ) दस्तावेजी साक्ष्य, यदि कोई हो,
(ज) शिकायत निपटान अधिकारी द्वारा निपटान की तारीख,
(झ) जिला स्तरीय समिति द्वारा अपील के निपटान के ब्यौरे, और
(ञ) कोई अन्य सूचना।

भाग चार– बैंच मार्क दिव्यांग व्यक्तियों के लिए रिक्तियां

विशेषज्ञ समिति का गठन

10. (1) राज्य सरकार द्वारा पदों को चिन्हित करने के उद्देश्यों के लिए, विशेषज्ञ समिति का गठन किया जायेगा, जिसमें निम्नलिखित सदस्य होंगे, अर्थात:–

(क)	सचिव/प्रमुख सचिव अथवा अपर मुख्य सचिव, कार्मिक विभाग	अध्यक्ष
(ख)	सम्बन्धित विभाग का विभागाध्यक्ष	सदस्य
(ग)	सचिव/अपर सचिव, समाज कल्याण विभाग	सदस्य
(घ)	सचिव/अपर सचिव, वित्त विभाग	सदस्य
(ङ)	सचिव/अपर सचिव, न्याय विभाग	सदस्य
(च)	संबंधित स्थापन के प्रभारी व्यक्ति	सदस्य
(छ)	राज्य सरकार द्वारा नामित विशेषज्ञ दिव्यांगजन	02 सदस्य
(ज)	अपर सचिव, कार्मिक विभाग	सदस्य सचिव

(2) विशेषज्ञ समिति दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित पदों के चिन्हीकरण हेतु आवश्यकतानुसार समय–समय पर बैठक करेगी, परन्तु समिति की दो बैठकों के बीच 06 माह से अधिक का अन्तर नहीं होगा।

भाग पांच– रजिस्ट्रीकरण

रजिस्ट्रीकरण हेतु सक्षम प्राधिकारी

11. निदेशक, समाज कल्याण, उत्तराखंड रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र जारी करने के लिए सक्षम प्राधिकारी होंगे।

आवेदन पत्र एवं शुल्क

12. रजिस्ट्रीकरण चाहने वाले संस्थान को शुल्क 1000/–रूपये के साथ सक्षम अधिकारी द्वारा निर्धारित प्रारूप के अनुसार आवेदन पत्र भरना होगा। अधिनियम की धारा 50 के अनुपालन के बिना रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र के कोई भी व्यक्ति दिव्यांगजन के लिए किसी संस्थान को स्थापित या संचालित नहीं करेगा।

रजिस्ट्रीकरण

13. रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र जारी करने से पूर्व सक्षम अधिकारी आवश्यक जाँच करेगा और यदि उसका समाधान हो जाता है कि आवेदक द्वारा इस नियमावली और इसके अधीन बनाये गए नियमों की अपेक्षाओं का अनुपालन किया गया है, तो वह आवेदक को रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र 30 दिन के भीतर निर्गत करेगा।

परन्तु सक्षम प्राधिकारी जांच में समाधान न होने पर कारणों को दर्शाते हुए, प्रमाण–पत्र जारी करने, जिसके लिये आवेदन किया गया है, आदेश द्वारा इन्कार कर सकेगा, परन्तु ऐसा कोई भी आदेश करने से पूर्व सक्षम अधिकारी आवेदक को सुनवाई का उचित अवसर देगा तथा प्रमाण पत्र देने से इन्कार करने के प्रत्येक आदेश से आवेदक को लिखित रूप में सूचित करायेगा।

नवीनीकरण

14. सक्षम अधिकारी द्वारा रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र के नवीनीकरण के लिए वही प्रकिया अपनायी जायेगी, जो उसके द्वारा प्रथम बार पंजीकरण के दौरान अपनायी जाती है। संस्था के कार्यकलाप से पूर्ण रूप से सन्तुष्ट होने पर सक्षम अधिकारी नवीनीकरण प्रमाण पत्र जारी करेगा।

रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र की वैधता

15. (क) रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र की वैधता 5 वर्ष के लिए होगी, जिसको समय–समय पर बढाया जा सकता है।

(ख) सक्षम अधिकारी द्वारा नवीनीकरण प्रमाण–पत्र 5 वर्ष के लिए जारी किया जायेगा।

(ग) "राज्य सरकार" द्वारा रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र के संग्रहण पर कार्यवाही सम्बन्धित संस्था को प्रत्येक माह के अन्तराल में 03 नोटिस के उपरान्त किया जायेगा।

अपील

16. सक्षम अधिकारी द्वारा 30 दिन की समय सीमा के भीतर रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र जारी न करने पर या समय सीमा में कोई जवाब न देने पर या प्रतिसहरण करने पर अधिनियम की धारा 53 के अनुपालन में सचिव, समाज कल्याण विभाग के समक्ष आवेदक 90 दिन के भीतर अपील कर सकता है। सचिव द्वारा अपील को 45 दिन के भीतर निस्तारित किया जायेगा।

भाग छः– प्रमाण पत्र

दिव्यांगता प्रमाण–पत्र

17. राज्य सरकार विनिर्दिष्ट दिव्यांगताओं हेतु दिव्यांगता प्रमाण–पत्र जारी करने के लिए प्रमाणकर्ता प्राधिकारियों की सूची जारी करेगी, जो कि अपने प्रमाणकारी कृत्यों के अनुपालन में दी गई शक्तियों का प्रयोग कर क्षेत्राधिकार के अनुसार दिव्यांगजन के लिए दिव्यांगता प्रमाण–पत्र जारी करेगा।

दिव्यांग प्रमाण–पत्र के सम्बन्ध में अपील

18. (1) दिव्यांग प्रमाण–पत्र जारी करने वाले प्राधिकारी के निर्णय से व्यथित अथवा असहमत व्यक्ति निर्णय के 90 दिन के भीतर, स्वयं या अपने संरक्षक, अभिभावक के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा पदाभिहित अपील अपील प्राधिकारी के समक्ष निम्नलिखित रूप में अपील प्रस्तुत कर सकेगा।

(क) अपील में संक्षिप्त पृष्ठभूमि और अपील के आधार शामिल होंगे।

(ख) अपील के साथ प्रमाणकर्ता प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए दिव्यांगता प्रमाण–पत्र या अस्वीकृति के पत्र की एक प्रति संलग्न की जाये।

(2) अपीलीय प्राधिकारी अपीलकर्ता को अपना प्रकरण प्रस्तुत करने का पूर्ण अवसर प्रदान करेगी और ऐसा विस्तृत आदेश पारित करेगी, जैसा कि प्रकरण में उपयुक्त समझा जाये।

(3) उप–नियम (1) के अन्तर्गत प्रत्येक अपील पर यथाशीघ्र निर्णय लिया जाएगा और अपील की प्राप्ति की तारीख से 60 दिन की अवधि के भीतर अपीलीय प्राधिकारी उस पर निर्णय लेकर कार्यवाही करेगी।

भाग सात– दिव्यांगता समिति

जिला स्तर दिव्यांगता समिति

19. दिव्यांगता पर जिला स्तरीय समिति निम्नवत् होगी :–

(क) सम्बन्धित जिलाधिकारी –अध्यक्ष,

(ख) सम्बन्धित जिला समाज कल्याण अधिकारी –सचिव,

(ग) जिले का मुख्य चिकित्सा अधिकारी–पदेन सदस्य,

(घ) जिला समाज कल्याण अधिकारी–पदेन सदस्य,

(ङ) वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक –पदेन सदस्य,

(च) जिला सेवायोजन अधिकारी– पदेन सदस्य

(छ) जिला शिक्षा अधिकारी– पदेन सदस्य

(ज) जिला प्राथमिक शिक्षा अधिकारी–पदेन सदस्य,

(झ) सदस्य सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण – पदेन सदस्य

(ञ) जिला अस्पताल के एक मनोचिकित्सक–पदेन सदस्य

(ट) जिले के एक लोक अभियोजक– पदेन सदस्य

(ठ) परियोजना निदेशक, जिला ग्रामीण विकास – पदेन सदस्य

(ड) प्रोजेक्ट ऑफिसर, आईसीडीएस– पदेन सदस्य

(ढ) दिव्यांग व्यक्तियों के लिए कार्य करने वाले 05 गैर–सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि जोकि अधिनियम की अनुसूची में परिभाषित दिव्यांगताओं में से कोई 5 अलग–अलग दिव्यांगताओ का प्रतिनिधित्व करते हों – सदस्य

(ण) अध्यक्ष द्वारा आमंत्रित अन्य व्यक्ति सदस्य

समिति के कार्य 20. (क) दिव्यांग व्यक्तियों के पुनर्वास और सशक्तिकरण से संबंधित मामलों पर जिला प्रशासन को सलाह देना।

(ख) अधिनियम के नियमों और उपनियमों के कार्यान्वयन की निगरानी।

(ग) किसी प्राधिकारी द्वारा अधिनियम के प्राविधानों के क्रियान्वयन न किये जाने से संबंधित शिकायतों पर विचार करना एवं शिकायतों के निवारण हेतु उचित उपाय सुझाना।

(घ) राज्य सरकार द्वारा सौंपा गया कोई अन्य कार्य।

समिति की बैठके 21. (क) जिला स्तरीय समिति की बैठक प्रत्येक माह को की जायेगी, जिसका तिथि, समय व स्थान का निर्धारण अध्यक्ष द्वारा किया जायेगा।

(ख) अध्यक्ष, जिला स्तरीय समिति के कम से कम 10 सदस्यों के लिखित अनुरोध पर, समिति की विशेष बैठक बुलाएंगे।

भाग आठ– सलाहकार समिति

राज्य आयुक्त की सहायता के लिए सलाहकार समिति 22 (1) राज्य आयुक्त की सहायता हेतु निम्न रूप में सलाहकार समिति का गठन राज्य सरकार द्वारा किया जायेगा, जिसमें निम्नलिखित सम्मिलित होंगे:–

(क) अधिनियम की अनुसूची में उल्लिखित विनिर्दिष्ट दिव्यांगताओं के किन्ही तीन समूहों में से प्रत्येक का प्रतिनिधित्व करने के लिए तीन विशेषज्ञ, जिनमें से एक महिला विशेषज्ञ होगी, नामित किये जायेंगे।

(ख) राज्य सरकार द्वारा नामित 02 विशेषज्ञ जिनमे 01 विधि एवं 01 शिक्षा अथवा स्वास्थ्य के क्षेत्रों से सम्बन्धित होंगे।

(2) सलाहकार समिति के सदस्यों का कार्यकाल तीन वर्षों की अवधि के लिए होगा।

(3) राज्य आयुक्त, विषय या डोमेन विशेषज्ञ को आवश्यकता के अनुसार आमंत्रित कर सकता है जो उनकी बैठक या सुनवाई में और रिपोर्ट तैयार करने में सहायता करेगा।

राज्य आयुक्त द्वारा वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करना

23. (1) राज्य आयुक्त चालू वित्तीय वर्ष के अंत तक एक वार्षिक रिपोर्ट तैयार करेंगे, जिसमें उनके द्वारा किये गये कार्यों का पूर्ण लेखा जोखा का उल्लेख होगा।

(2) विशिष्ट रूप से, उप–नियम (1) में उल्लिखित वार्षिक रिपोर्ट में निम्नलिखित मामलों में से प्रत्येक के संबंध में भी उल्लेख किया जाना होगा :–

(क) राज्य आयुक्त के कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों के नाम और संगठनात्मक गठन का चार्ट एवं विवरण।

(ख) अधिनियम के तहत राज्य आयुक्त को दिये गये अधिकार और कार्य।

(ग) राज्य आयुक्त द्वारा की गई मुख्य सिफारिशें।

(घ) राज्य अधिनियम के क्रियान्वयन में हुई प्रगति।

(ङ) अन्य कोई विषय जिसे राज्य आयुक्त द्वारा सम्मिलित किया जाये या राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर रिपोर्ट में शामिल किए जाने के लिए निर्दिष्ट किया गया हो।

भाग–नौ– प्रकीर्ण

विशेष लोक अभियोजक के वेतन एवं भत्ते

24. राज्य सरकार विनिर्दिष्ट या नियुक्त विशेष सरकारी अभियोजक के वेतन और अन्य भत्ते, दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 (अधिनियम संख्या 2 वर्ष 1974) के तहत राज्य सरकार द्वारा नियुक्त अन्य सरकारी अभियोजक के समान होंगे।

दुरुपयोग, हिंसा और शोषण से सुरक्षा के लिए अपनायी जाने वाली प्रक्रिया

25. कोई व्यक्ति या संगठन, दिव्यांगजन के साथ किसी भी प्रकार के दुर्व्यवहार, हिंसा या शोषण की घटना होने पर नजदीकी पुलिस स्टेशन जहां घटना हुई है, लिखित रूप में शिकायत कर सकता है। ऐसी शिकायत की प्राप्ति पर, "दैनिक डायरी" में प्रवेश करने के बाद सम्बन्धित पुलिस स्टेशन का प्रभारी उसी दिन शिकायती प्रकरण को कार्यकारी दंडाधिकारी के पास भेजेगा, जिसके अधिकार क्षेत्र में संबंधित पुलिस स्टेशन स्थित है।

कार्यपालक मजिस्ट्रेट द्वारा अनुसरित की जाने वाली प्रक्रिया

26 परिवादों पर कार्रवाई करने के प्रयोजन के लिए कार्यपालक मजिस्ट्रेट दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 (अधिनियम संख्या 2 वर्ष 1974) की धारा 133 से 143 में दी गई उपबंधित प्रक्रिया का पालन करेगा।

फार्म –क

पंजीकरण प्रमाण पत्र के लिए आवेदन

(नियम 12 देखें)

(1) आवेदक का नाम और पता.....

.....

(2) किस संस्थान/परियोजना के संदर्भ में आवेदन किया गया :–

(क) संस्थान का नाम .....

(ख) पता और फोन नं0 (पंजीकृत कार्यालय).....

(ग) परियोजना कार्यालय का नाम.....

(घ) परियोजना कार्यालय का पता.....

(ड) (कार्यालय) फोन/फैक्स.....ई–मेल आई0डी0.....

(3) (क) अधिनियम का नाम, जिसके अंतर्गत संगठन पंजीकृत है :.....

(ख) पंजीकरण संख्या..... और तारीख.....(कृपया छायाप्रति संलग्न करें)

(4) संगठन का संगम अनुच्छेद और उपनियम (कृपया फोटो प्रति संलग्न करें).....

(5) संगठन के प्रबंधन बोर्ड/ कार्यकारिणी के सदस्यों के नाम, पते, व्यवसाय और अन्य ब्यौरा

.....

.....

.....

(6) संगठन की वर्तमान गतिविधियां .....

.....

(7) संगठन की वर्तमान सदस्य संख्या और वर्गीकरण। संलग्न किए जाने वाले दस्तावेज़ की सूची।

(क) पिछले 3 वर्षों के लिए वार्षिक रिपोर्टों की एक प्रति।

(ख) पिछले 3 वर्षों के लिए सनदी लेखाकार द्वारा प्रमाणित लेखा परीक्षा विवरण

(क) प्राप्ति और भुगतान खाता (पिछले 3 वर्षों के लिए सनदी लेखाकार द्वारा तैयार किया गया)

(ख) आय और व्यय खाता (पिछले 3 वर्षों के लिए सनदी लेखाकार द्वारा तैयार किया गया)

(ग) तुलनापत्रक (पिछले 3 वर्षों के लिए सनदी लेखाकार द्वारा तैयार किया गया)

8. संस्थान में कार्यरत स्टाफ का ब्यौरा निम्नांकित प्रारूप में–

नाम	पुरूष/ महिला	आयु	शैक्षिक योग्यता	पता	सम्पर्क विवरण	दायित्व	वेतन	आर0सी0आई0 पंजीकरण संख्या (आर0सी0आई0 प्रमाण–पत्र की प्रति संलग्न करें)

नोट :– विदेशी स्वयंसेवकों के मामले में पुलिस के जरिये मूल देश अथवा जन्म से पहचान और आपराधिक रिकॉर्ड की जांच अनिवार्य है।

9. संस्थान द्वारा कवर किए गए/प्रस्तावित लाभार्थियों का ब्यौरा तथा दिव्यांगता का स्वरूप निम्नांकित प्रारूप में :–

क्र0 सं0	नाम	पिता का नाम	पुरूष/ महिला	आयु	पता	सम्पर्क विवरण	दिव्यांगता का प्रकार

10. यदि छात्रावास संचालित है तो छात्रावास में रहने वाले सदस्यों की संख्या :.....
11. क्या संस्थान स्वयं के/किराए के भवन में स्थित है (समुचित साक्ष्य संलग्न करें).....
12. दिव्यांगजनों के लिए बाधामुक्त वातावरण का ब्यौरा :.....
.....
.....
13. संगठन का स्वरूप (कृपया इस बात का सही सही ब्यौरा दें कि संस्थान दृष्टिबाधित/मूक एवं बधिर/अस्थि दिव्यांग/मानसिक बाधित व्यक्तियों, आदि के लिए एक शैक्षिक या प्रशिक्षण या आवासीय अथवा कार्यशाला है)।

.....
आवेदक के हस्ताक्षर

नाम : .....
पदनाम.....
पता.....
.....
.....
तारीख .....
कार्यालय की मुहर.....

फार्म –ख

उत्तराखण्ड शासन
समाज कल्याण विभाग–04
देहरादून।

पंजीकरण प्रमाण पत्र

(उत्तराखण्ड दिव्यांगजन अधिकार नियम, 2019 के नियम 13 के प्रावधान के अंतर्गत जारी)

पंजीकरण संख्या..... दिनांक.....

प्रमाणित किया जाता है कि .....(स्वैच्छिक संगठन का नाम), जो समिति पंजीकरण अधिनियम, 1860 / राष्ट्रीय न्यास अधिनियम 1999 के अंतर्गत पंजीकृत है, ने दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 की धारा 21 की उपधारा (2) के अंतर्गत पंजीकरण प्रमाण–पत्र जारी किए जाने संबंधी सभी औपचारिकताएं/प्रक्रिया पूरी कर ली हैं।

दिनांक .....को जारी पंजीकरण प्रमाण–पत्र दिनांक.....तक वैध रहेगा।

1. संगठन का नाम और पंजीकृत पता.....
2. संगठन की शाखा/परियोजनाओं का नाम और पता.....
.....
3. संगठन के प्राधिकृत अधिकारी का पूरा नाम और पता.....
.....

यह पंजीकरण प्रमाण–पत्र वर्ष.....के.....महीने की.....तारीख को समाज कल्याण विभाग उत्तराखण्ड के प्राधिकृत हस्ताक्षरी/सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया, जो संगठन के प्राधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा इसमें वर्णित कार्यशर्तों के अनुपालन के अधीन है।

पंजीकरण प्रमाण–पत्र धारक को इसकी वैधता अवधि समाप्त होने की तारीख से कम से कम 60 दिन पहले पंजीकरण के नवीकरण हेतु आवेदन करना होगा।

सक्षम प्राधिकारी के हस्ताक्षर मुहर सहित
समाज कल्याण विभाग

पंजीकरण प्रमाण–पत्र की कार्य शर्तें

1. इस पंजीकरण प्रमाण–पत्र का धारक संगठन के लाभार्थियों को निम्नांकित सुविधाएं प्रदान करेगा :
   (क) समुचित सुगम आवास और सुगम स्वच्छता सुविधाएं
   (ख) समुचित चिकित्सा देखभाल और उपचार
   (ग) मनोरंजन की सुविधाएं
   (घ) शैक्षिक और व्यवसायिक या कौशल परीक्षण
2. लड़कियों के लिए आवासीय परिसर, यदि कोई हो, तो वे लड़कों के आवासीय परिसर से पृथक होंगे।
3. इस पंजीकरण प्रमाण–पत्र का धारक स्वयं के अथवा अन्य के किसी निजी प्रयोजन के लिए संगठन के किसी लाभार्थी को नियोजित नहीं करेगा अथवा किसी अन्य को नियोजित करने की अनुमति नहीं देगा।
4. प्रभारी/परियोजना प्रबंधक एवं आगंतुक पुस्तिका रखेगा, जिसमें संगठन का निरीक्षण करने वाले सक्षम प्राधिकारी या उसके द्वारा प्राधिकृत व्यक्तियों का रिकॉर्ड होगा। प्रभारी/परियोजना प्रबंधक उक्त पुस्तिका में दर्ज होने वाली टिप्पणियों की एक प्रति, तत्संबंधी अनुपालन रिपोर्ट के साथ सम्बद्ध यात्रा की तारीख से 07 दिन के भीतर सक्षम प्राधिकारी को देगा।
5. पंजीकरण प्रमाण–पत्र धारक दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के प्रावधानों के अनुसार सक्षम प्राधिकारी या उसके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति की जांच कार्य में सहायता करेगा।
6. प्रमाण–पत्र प्रभारी अधिकारी/परियोजना प्रबंधक के कार्यालय में आमतौर पर स्पष्ट दिखने वाले स्थानों पर प्रदर्शित किया जाएगा।
7. कार्यालय पदाधिकारियों में कोई बदलाव होने पर उसकी जानकारी तत्काल सक्षम प्राधिकारी और सम्बद्ध जिला समाज कल्याण अधिकारी को दी जाएगी।
8. पंजीकरण प्रमाण–पत्र धारक यह सुनिश्चित करेगा कि इस प्रमाण–पत्र का दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 की धारा 6 और 7 के अनुसार कोई दुरूपयोग, उल्लंघन और शोषण नहीं किया जाना चाहिए।
9. प्रमाण–पत्र धारक अधिकारी को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि विदेशी स्वयंसेवकों के मामले में संस्थान/केन्द्र की यात्रा/प्रवास के लिए अनुमति देने से पहले पुलिस के जरिए उनकी मूल देश से पहचान और आपराधिक रिकॉर्ड की जांच की जाए।
10. पंजीकरण प्रमाण–पत्र धारक व्यक्ति यह सुनिश्चित करेगा कि आग बुझाने आदि की तरह की मानव निर्मित/प्राकृतिक आपदाओं के प्रति सुरक्षा के समुचित उपाय किए गए हैं।
11. प्रमाण–पत्र धारक प्रमाण पंजीकरण की शर्तों और दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के प्रावधानों और उसके तहत बनाए गए नियमों/विनियमों के प्रावधानों का अनुपालन करेगा।

फार्म –ग

उत्तराखण्ड शासन
समाज कल्याण विभाग–04
देहरादून।

पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रदान करने से इन्कार करना
(उत्तराखण्ड दिव्यांगजन अधिकार नियम, 2019 के नियम 13 के प्रावधान के अंतर्गत जारी)

दिनांक.....

(उत्तराखण्ड दिव्यांगजन अधिकार नियम, 2019 के नियम 13 के प्रावधान के अंतर्गत जारी)
..... संगठन (संगठन का नाम और पंजीकृत पता) के श्री.....(अधिकृत प्रतिनिधि) ने दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 की धारा 51 की उपधारा (2) के अंतर्गत अपनी.....परियोजना (संगठन की शाखा/परियोजनाओं का नाम और पता) के पंजीकरण के लिए आवेदन किया है। इस संदर्भ में सूचित किया जाता है कि सक्षम प्राधिकारी ने निम्नांकित कमियों के कारण संगठन को पंजीकरण का पात्र नहीं समझा है :

- .....
- .....
- .....
- .....
- .....

एतद द्वारा उत्तराखण्ड दिव्यांगजन अधिकार नियम 2019 के नियम 13 के अंतर्गत पंजीकरण प्रमाण–पत्र प्रदान न किए जाने से इंकार किया जाता है। यह सलाह दी जाती है कि उपरोक्त कमियां दूर करने के बाद संगठन प्राधिकृत प्रतिनिधि के जरिए नया आवेदन भेजा जाए।

समक्ष प्राधिकारी के हस्ताक्षर मुहर सहित
समाज कल्याण उत्तराखण्ड।

फार्म –घ

उत्तराखण्ड शासन
समाज कल्याण विभाग–04
देहरादून।

पंजीकरण प्रमाण–पत्र निरस्त करना
(उत्तराखण्ड दिव्यांगजन अधिकार नियम, 2019 के नियम 13 के प्रावधान के अंतर्गत जारी)

दिनांक.....

.....संगठन (संगठन का नाम और पंजीकृत पता) के श्री.....(अधिकृत प्रतिनिधि) ने दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 की धारा 51 की उपधारा (2) के अंतर्गत अपनी.....परियोजना (संगठन की शाखा/परियोजनाओं का नाम और पता) के पंजीकरण के लिए आवेदन किया था और सक्षम प्राधिकारी के अधिनियम और नियमों के सम्बद्ध प्राविधानों के अंतर्गत दिनांक.....को पंजीकरण प्रमाण–पत्र जारी किया था और अब सक्षम प्राधिकारी के पास ऐसे कारण और प्रमाण है कि पंजीकरण प्रमाण–पत्र धारक ने :–

(क) दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 की धारा 51 की उपधारा (1) के अंतर्गत पंजीकरण प्रमाण–पत्र जारी/के नवीकरण के लिए आवेदन के संदर्भ में एक बयान दिया है, जो भौतिक दृष्टि से गलत और असत्य है, अथवा

(ख) उन्होंने उन नियमों या कार्यशर्तों का उल्लंघन हुआ है, जिनके तहत प्रमाण–पत्र जारी किया गया था।

अतः दिव्यांगजन अधिकार नियम 2019 के नियम 13 के प्रावधानों के तहत संगठन को जारी किया गया पंजीकरण प्रमाण–पत्र रद्द किया जाता है।

समक्ष प्राधिकारी के हस्ताक्षर मुहर सहित
समाज कल्याण विभाग उत्तराखण्ड।

फार्म–1

(दिव्यांगजन नियोक्ता का रिटर्न)

.....को समाप्त हुए आधे वर्ष की समाप्ति पर विशेष रोजगार कार्यालय में जमा कराने हेतु छमाही रिटर्न नियोक्ता का नाम एवं पता.....

.....

प्रधान कार्यालय.....

शाखा कार्यालय.....

कामकाज का प्रकार/मुख्य गतिविधि.....

1. रोजगार

(क) कार्यरत स्वत्वधारी/साझीदार/कमीशन एजेन्ट/अंशकालिक कर्मचारियों एवं प्रशिक्षुओं को छोड़कर सरकार के वेतन रजिस्टर पर वेतनभोगी एवं अनुबंधित कर्मचारियों समेत कुल व्यक्तियों की संख्या। (आंकड़ों में हर वह व्यक्ति सम्मिलित होना चाहिये, जिसका पारिश्रमिक अथवा वेतन सरकारी प्रतिष्ठान द्वारा दिया जाता हो)।

पूर्ववर्ती आधे वर्ष के अंतिम कार्य दिवस पर				
अंधापन एवं क्षीण दृष्टि	बधिर एवं ऊंचा सुनने वाले	प्रमस्तिष्क अंगघात, कुष्ठरोग, बौनापन, एसिड अटैक पीड़ित एवं मासपेशीय अपविकास समेत गति संबंधी दिव्यांगता	स्वलीनता, बौद्धिक अक्षमता, सीखने की दिव्यांगता एवं मानसिक रोग	मूक–बधिरता समेत कॉलम (1) से (4) के अंतर्गत दिव्यांगजनों में एकाधिक दिव्यांगता
1	2	3	4	5

आलोच्य छमाही के अन्तिम कार्यदिवस पर				
अंधापन एवं क्षीण दृष्टि	बधिर एवं ऊंचा सुनने वाले	प्रमस्तिष्क अंगघात, कुष्ठरोग, बौनापन, एसिड अटैक पीड़ित एवं मासपेशीय अपविकास समेत गति संबंधी दिव्यांगता	स्वलीनता, बौद्धिक अक्षमता, सीखने की दिव्यांगता एवं मानसिक रोग	मूक–बधिरता समेत कॉलम (1) से (4) के अंतर्गत दिव्यांगजनों में एकाधिक दिव्यांगता
1	2	3	4	5

दिव्यांग पुरूष.....

दिव्यांग महिलाएं.....

कुल योग.....

(ख) आधे वर्ष के दौरान यदि रोजगार में बढ़त अथवा कमी 5 प्रतिशत से अधिक है तो कृपया रोजगार में इस बढ़त अथवा कमी को इंगित करें।

2. रिक्तियां :–ऐसी रिक्तियां जो प्रतिमाह मौजूदा न्यूनतम वेतन के अनुरूप पारिश्रमिक वाली एवं छः माह से अधिक की कालावधि वाली हो।

(क) छमाही के दौरान पैदा और अधिसूचित हुई रिक्तियों की संख्या और छमाही के दौरान भरे गए पद (दिव्यांगता वाले पुरूषों एवं दिव्यांगता वाली महिलाओं के लिये अलग से संख्या दी जा सकती है)।

रिक्तियों की संख्या जो अधिनियम के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत आती हैं
सृजित.....अधिसूचित.....भरी गई.....श्रोत.....
(उस श्रोत का उल्लेख करें जिससे भरी गई है)

स्थानीय/विशेष रोजगार कार्यालय सामान्य रोजगार कार्यालय

(ख) आधे वर्ष के दौरान पैदा रिक्तियों को अधिसूचित न करने के कारण, रिपोर्ट संख्या देखें 2 (क).....

3. कार्मिकों की कमी
रिक्तियां/ उपयुक्त आवेदकों की अल्पता के कारण अपूरित पद।

व्यवसाय का नाम अथवा पदों का नाम	अपूरित रिक्तियाँ/ पदों की संख्या विकलांगता के अनुसार	अनिवार्यता योग्यता	अनिवार्य अनुभव/ वांछित अनुभव

कृपया ऐसे अन्य पेशों की सूची प्रदान करें जिनके संबंध में इस सरकारी प्रतिष्ठान को उपयुक्त आवेदक पाने में किसी प्रकार की समस्या आई हो।

नियोक्ता के हस्ताक्षर

दिनांक.....

प्रति,

रोजगार कार्यालय
.....
.....

नोटः- यह रिटर्न 31 मार्च/30 सितम्बर को समाप्त हुई छमाही के लिये है एवं सम्बन्धित छमाही की समाप्ति के 30 दिन के अंदर स्थानीय रोजगार कार्यालय को सौंप दिया जाएगा।

फॉर्म–2

(दिव्यांगजन नियोक्ता का रिटर्न).

व्यावसायिक रिटर्न दो वर्ष में एक बार स्थानीय विशेष रोजगार में जमा किया जाना है।

नियोक्ता का नाम एवं पता.....

व्यवसाय का प्रकार.....

(अपनी प्रधान गतिविधि के रूप में सरकारी प्रतिष्ठान क्या करता है इसका उल्लेख करें)

1. सरकारी प्रतिष्ठान के वेतन रजिस्टर पर दिनांक (तिथि का उल्लेख करें).....को व्यक्तियों की कुल संख्या (आंकड़े में हर वह व्यक्ति सम्मिलित होना चाहिये जिसका पारिश्रमिक अथवा वेतन सरकारी प्रतिष्ठान द्वारा दिया जाता हो) (पुरूष दिव्यांगजन एवं महिला दिव्यांगजन की संख्या अलग–अलग दी जा सकती है)।

2. सभी कर्मचारियों का पेशेगत वर्गीकरण जैसा कि ऊपर बिंदु–1 में दिया है। (कृपया प्रत्येक पेशे में कर्मचारियों की संख्या का नीचे अलग–अलग उल्लेख करें)

व्यवसाय सही शब्द का प्रयोग करें।	कर्मचारियों की संख्या			
	दिव्यांग पुरूष	दिव्यांग महिलायें	कुल	अभियुक्ति
जैसे इंजीनियर (मैकेनिकल);				कृपया प्रत्येक व्यवसाय में यथा सम्भव रिक्तियों की सही संख्या निर्दिष्ट करें, जो सेवानिवृत्ति के कारण अगले कैलेन्डर वर्ष में आपके द्वारा भरे जाने की सम्भावना हो।
शिक्षक (गृह/विज्ञान);				
ड्यूटी पर अधिकारी (बीमांकिक);				
सहायक निदेशक (धातुकर्म) वैज्ञानिक सहायक (कैमिस्ट), अनुसंधान अधिकारी (अर्थशास्त्री); प्रशिक्षक (कार्पेन्टर); सुपरवाइजर (दर्जी);				
फिटर (आंतरिक दहन इंजन); निरीक्षक सैनिटरी); अधीक्षक कार्यालय प्रशिक्षु इलेक्ट्रिशियन)।				
कुल				

तिथि.....

नियोक्ता के हस्ताक्षर.....

प्रति

रोजगार कार्यालय

.....

.....

(कृपया यहां अपने स्थानीय विशेष रोजगार कार्यालय का पता भरें)

नोटः आइटम संख्या–2 के अंतर्गत कॉलम 5 का कुल योग आइटम संख्या–1 में उल्लिखित संख्या के अनुरूप होना चाहिये।

फॉर्म–।।।
(दिव्यांगजन नियोक्ता का रिटर्न)

नियोक्ता का नाम एवं पता.....

प्रधान कार्यालय.....

शाखा कार्यालय.....

कामकाज का प्रकार/मुख्य गतिविधि.....

.....

सरकारी प्रतिष्ठान के वेतन रजिस्टर पर वेतनभोगी व्यक्तियों की कुल संख्या। (आंकड़ों में हर वह व्यक्ति सम्मिलित होना चाहिये जिसका पारिश्रमिक अथवा वेतन सरकारी प्रतिष्ठान द्वारा दिया जाता हो)।

सरकारी प्रतिष्ठान के वेतन रजिस्टर पर वेतनभोगी दिव्यांगजनो (दिव्यांगता के प्रकार के अनुसार) की कुल संख्या। (आंकड़ों में हर वह दिव्यांगजन सम्मिलित होना चाहिये जिसका पारिश्रमिक अथवा वेतन सरकारी प्रतिष्ठान द्वारा दिया जाता हो)।

(क) सभी कर्मचारियों का पेशेगत वर्गीकरण जैसा कि ऊपर बिंदु–1 में दिया है। (कृपया प्रत्येक पेशे मे कर्मचारियो की संख्या का नीचे अलग–अलग उल्लेख करें)

व्यवसाय सही शब्द का प्रयोग करें।	कर्मचारियों की संख्या			
	दिव्यांग पुरूष	दिव्यांग महिलायें	कुल	अभियुक्ति
जैसे इंजीनियर (मैकेनिकल);				कृपया प्रत्येक व्यवसाय में यथा सम्भव रिक्तियों की सही संख्या निर्दिष्ट करें, जो सेवानिवृत्ति के कारण अगले कैलेन्डर वर्ष में आपके द्वारा भरे जाने की सम्भावना हो।
शिक्षक (गृह/विज्ञान);				
ड्यूटी पर अधिकारी (बीमांकिक);				
सहायक निदेशक (धातुकर्म) वैज्ञानिक सहायक (कैमिस्ट), अनुसंधान अधिकारी (अर्थशास्त्री); प्रशिक्षक (कार्पेन्टर);				
कुल				

(ख) आधे वर्ष के दौरान यदि रोजगार में बढ़त अथवा कमी 5 प्रतिशत से अधिक है तो कृपया रोजगार में इस बढ़त अथवा कमी को इंगित करें.....

2. रिक्तियां ऐसी रिक्तियां जो प्रतिमाह मौजूदा न्यूनतम वेतन के अनुरूप पारिश्रमिक वाली छः माह से अधिक की कालावधि वाली हों।

(क) आधे वर्ष के दौरान पैदा एवं अधिसूचित हुई रिक्तियों की संख्या एवं आधे वर्ष के दौरान भरे गए पद

अधिनियम के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत आने वाली रिक्तियों की संख्या				
सृजित	अधिसूचित		भरी गई	श्रोत (उस श्रोत का उल्लेख करें जहां से भरी गई है)
	स्थानीय विषेश रोजगार कार्यालय	सामान्य रोजगार कार्यालय		
1	2	3	4	5
कुल				

(ख) आलोच्य छमाही के दौरान पैदा रिक्तियों को अधिसूचित न करने के कारण देखें ऊपर (क)2.....।

तिथि.....

नियोक्ता के हस्ताक्षर.....

फार्म–IV

(दिव्यांगजनों द्वारा दिव्यांगता का प्रमाण पत्र पाने के लिये आवेदन)

(1) नाम..... ....
उपनाम (प्रथम नाम) (मध्य नाम)

(2) पिता का नाम..... माता का नाम.....

(3) जन्मतिथि : .....(शब्दों में).....

(4) आवेदन के समय आयु :.....वर्ष (5) लिंग : (पुरूष/महिला/किन्नर).....

(6) पता : (क) (स्थायी पता) .....

.....

(ख) वर्तमान पता (अर्थात संवाद के लिए).....

.....

(ग) वर्तमान पते पर जब से रह रहे हैं वह अवधि.....

(7) शैक्षिक स्थिति (जहां लागू हो उस पर निशान लगाएं)

1	स्नातकोत्तर	5	माध्यमिक
2	स्नातक	6	उच्च प्राथमिक
3	डिप्लोमा	7	प्राथमिक
4	उच्च माध्यमिक	8	गैर–साक्षर

(8) व्यवसाय.....

(9) पहचान के चिन्ह (I).....(II).....

(10) दिव्यांगता का प्रकार : .....

(11) अवधि, जब से दिव्यांग है: जन्मजात/वर्ष.....से

(12) (I) क्या आपने पूर्व में कभी दिव्यांगता प्रमाण पत्र के लिये आवेदन किया है.....हां/नहीं

(II) यदि हां, तो विवरण दें : .....

(क) किस प्राधिकारी एवं किस जिले में आवेदन किया.....

(ख) आवेदन का परिणाम.....

(13) क्या पूर्व में आपको दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किया गया है? यदि हां तो सत्यापित प्रति लगाएं।

– : : घोषणा : : –

मै एतद द्वारा यह घोषणा करता हूं कि ऊपर दी गई समस्त सूचना मेरे पूर्ण ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य एवं सही है। इसमें कोई भी महत्वपूर्ण जानकारी छिपायी या गलत कार्य बयां नहीं की गई है। मै भली भांति जानता हूँ कि आवेदन में किसी भी गलत बयानी का पता चलने पर मुझे ऐसे सभी लाभ वापस करने होंगे जो इस तरह के प्रमाण–पत्र से मुझे मिले होंगे और साथ ही मेरे विरूद्ध कानूनी कार्यवाही भी की जाएगी।

.....

(दिव्यांगजन के हस्ताक्षर अथवा बाएं हाथ के अंगूठे का निशान
अथवा उसके कानूनी अभिभावक के, यदि व्यक्ति
बौद्धिक अक्षमता/स्वलीनता/प्रमस्तिष्क आघात एवं
एकाधिक दिव्यांगता इत्यादि से पीड़ित है)

तिथि : .....

स्थान : .....

अनुलग्नक :

1. घर के पते का प्रमाण (प्रयोज्य होने पर निशान लगाए)
   - (क) राशनकार्ड
   - (ख) मतदाता पहचान पत्र
   - (ग) चालक अनुज्ञापत्र
   - (घ) बैंक पासबुक
   - (ड) स्थायी खाता संख्या (पैन कार्ड)
   - (च) पासपोर्ट
   - (छ) आवेदक के पते का उल्लेख करना टेलीफोन बिजली, पानी एवं अन्य किसी उपयोज्ता का बिल।
   - (ज) पंचायरत, नगरपालिका, छावनी बोर्ड, कोई भी राजपत्रित अधिकारी अथवा सम्बन्धित पटवारी अथवा सरकारी विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा जारी निवास प्रमाण–पत्र
   - (झ) यदि दिव्यांगजनों, निराश्रितों, मनोरोगियों एवं अन्य प्रकार की दिव्यांगता के लिये निर्मित किसी आवासीय संस्थान में रहता हो तो उस संस्थान के संचालक द्वारा प्रदान किया गया निवास प्रमाण–पत्र।
2. हाल ही में लिये गये दो पासपोर्ट आकार के फोटोग्राफ

(केवल कार्यालय उपयोग हेतु)

तिथि :

स्थान :

जारी करने वाले प्राधिकारी के हस्ताक्षर एवं मुहर

फार्म–V

दिव्यांगता प्रमाण–पत्र

(अंग विच्छेदन अथवा भुजाओं में पूर्ण स्थायी पक्षाघात होने की स्थिति में या बौनेपन एवं अंधेपन की स्थिति में)

देखें नियम 17

(प्रमाण–पत्र जारी करने वाले मेडिकल प्राधिकरण का नाम एवं पता)

प्रमाण पत्र संख्या.....तिथि.....

यह प्रमाणित किया जाता है कि मैनें श्री/श्रीमती/कुमारी.....

पुत्र/पत्नी/पुत्री श्री .....जन्मतिथि (दिन/माह/वर्ष).....

आयु.....वर्ष.....पुरूष/महिला.....

पंजीकरण संख्या .....स्थायी निवास मकान संख्या.....

वार्ड/ग्राम/गली.....पोस्ट ऑफिस.....

जिला.....प्रदेश.....जिनका फोटो ऊपर

पासपोर्ट आकार का हाल ही का अभिप्रमाणित फोटोग्राफ (दिव्यांगजन का केवल चेहरा दर्शाते हुए)

सावधानीपूर्वक परीक्षण कर लिया गया है एवं मैं संतुष्ट हूँ कि :

(क) वह निम्नांकित दिव्यांगता से सम्बन्धित है :–

- गति सम्बन्धी दिव्यांगता
- बौनापन
- अंधापन

(ख) उनके मामले में निदान यह है .....

- उस व्यक्ति में.....प्रतिशत (संख्या में).....प्रतिशत.....(शब्दों में) दिशानिर्देशों के अनुसार शरीर के .....भाग में स्थायी हरकत दिव्यांगता/बौनापन/अंधापन विद्यमान है। (.....संख्या के दिशानिर्देश जारी करने की तिथि उल्लिखित की जानी है)।
- आवेदक के निवास प्रमाण–पत्र के रूप में निम्न दस्तावेज जमा किये हैं :–

दस्तावेज का प्रकार	जारी करने की तिथि	जारी करने वाले प्राधिकारी का विवरण

उप व्यक्ति के हस्ताक्षर/अंगूठे का निशान जिसके समर्थन में दिव्यांगता-प्रमाण–पत्र जारी किया जा रहा है।

(अधिसूचित मेडिकल प्राधिकरण के प्राधिकारी हस्ताक्षरी के हस्ताक्षर एवं मुहर)

फार्म–VI

दिव्यांगता प्रमाण–पत्र

(एक से अधिक प्रकार की दिव्यांगता होने की स्थितियों में)

देखें नियम 17

(प्रमाण–पत्र जारी करने वाले मेडिकल प्राधिकरण का नाम एवं पता)

प्रमाण पत्र संख्या.....तिथि.....

यह प्रमाणित किया जाता है कि मैंने श्री/श्रीमती/कुमारी.....

पुत्र/पत्नी/पुत्री श्री .....जन्मतिथि (दिन/माह/वर्ष).....

आयु.....वर्ष.....पुरुष/महिला.....

पंजीकरण संख्या .....स्थायी निवास मकान संख्या.....

वार्ड/ग्राम/गली.....पोस्ट ऑफिस.....

जिला.....प्रदेश.....जिनका फोटो ऊपर

पासपोर्ट आकार का हाल ही का अभिप्रमाणित फोटोग्राफ (दिव्यांगजन का केवल चेहरा दर्शाते हुए)

सावधानीपूर्वक परीक्षण कर लिया गया है एवं मैं संतुष्ट हूँ कि :

(क) उनका एकाधिक दिव्यांगता का मामला है। दिशा–निर्देशों के अनुरूप (.....दिशा निर्देशों की संख्या एवं जारी करने की तिथि उल्लिखित की जानी है) उनकी स्थायी शारीरिक खराबी/दिव्यांगता का निम्नलिखित दिव्यांगताओं के अनुसार मूल्यांकन किया जा रहा है एवं निम्न सूची में प्रासंगिक दिव्यांगता के सामने प्रकट किया गया है :–

क्र0 सं0	दिव्यांगता का प्रकार	शरीर का प्रभावित भाग	निदान	स्थायी शारीरिक खरीबी (मानसिक दिव्यांगता में ..... प्रतिशत)
1	गति सम्बन्धी दिव्यांगता	@		
2	माशपेशियों का अल्पविकास			
3	ठीक हुआ कुष्ठ रोग			
4	बौनापन			
5	प्रमस्तिष्क अंगघात			
6	एसिड अटैक से पीड़ित			
7	कम दृष्टि	#		
8	दृष्टिहीन	#		
9	बधिर	$		
10	ऊंचा सूनने वाला	$		
11	वाक एवं भाषा सम्बन्धी दिव्यांग			
12	बौद्धिक अक्षमता			
13	विशिष्ट सीखने सम्बन्धी अक्षमता			
14	स्वालीनता			
15	मानसिक विकार			
16	तंत्रिका सम्बन्धी जीर्णरोग			
17	एकाधिक काठिन्य			
18	पार्किसन रोग			
19	हीमोफिलिया			
20	थैलासीमिया			
21	सिकल रोग एनीमिया			

(ख) उपरोक्त प्रकाश में दिशा–निर्देशों के अनुरूप (.....संख्या एवं दिशा–निर्देशों को जारी करने की तिथि उल्लिखित की जानी है) इनकी सम्पूर्ण शारीरिक खराबी इस प्रकार है :–
प्रतिशत संख्या में.....शब्दों में.....

(ग) यह स्थिति क्रमिक/अक्रमिक/आगे बढ़ने वाली/आगे नहीं बढ़ने वाली है.....

(घ) दिव्यांगता का पुनराकलन है :–

- आवश्यक नहीं
  अथवा
- इसकी अनुशंसा की जाती है .....वर्ष.....माह बाद एवं इसलिये यह प्रमाण–पत्र तक मान्य होगा।
  दिन.....माह.....वर्ष.....
  @ उदाहरण : बांया/दायां/दोनों हाथ/पैर
  # उदाहरण : एक आंख
  $ उदाहरण : बांया/दायां/दोनों कान

(ङ) आवेदक के निवास प्रमाण–पत्र के रूप में निम्न दस्तावेज जमा किये हैं :–

दस्तावेज का प्रकार	जारी करने की तिथि	जारी करने वाले प्राधिकारी का विवरण

(च) मेडिकल प्राधिकारी के हस्ताक्षर एवं मुहर :–

सदस्य का नाम एवं मुहर	सदस्य का नाम एवं मुहर	अध्यक्ष का नाम एवं मुहर

उप व्यक्ति के हस्ताक्षर/अंगूठे का निशान जिसके समर्थन में दिव्यांगता प्रमाण–पत्र जारी किया जा रहा है।

फार्म–VII

दिव्यांगता प्रमाण–पत्र
(फार्म V व VI में वर्णित मामलों के इतर मामलों में)
नियम 17 देखें
(प्रमाण–पत्र जारी करने वाले मेडिकल प्राधिकरण का नाम एवं पता)

प्रमाण पत्र संख्या.....तिथि.....
यह प्रमाणित किया जाता है कि मैनें श्री/श्रीमती/कुमारी.....
पुत्र/पत्नी/पुत्री श्री .....जन्मतिथि (दिन/माह/वर्ष).....
आयु.....वर्ष.....पुरूष/महिला.....
पंजीकरण संख्या .....स्थायी निवास मकान संख्या.....
वार्ड/ग्राम/गली.....पोस्ट ऑफिस.....
जिला.....प्रदेश.....जिनका फोटो ऊपर

पासपोर्ट आकार का हाल ही का अभिप्रमाणित फोटोग्राफ (दिव्यांगजन का केवल चेहरा दर्शाते हुए)

सावधानीपूर्वक परीक्षण कर लिया गया है एवं मैं संतुष्ट हूँ कि :–

(क) उनका.....दिव्यांगता का मामला है। दिशा–निर्देशों के अनुरूप (.....दिशा निर्देशों की संख्या एवं जारी करने की तिथि उल्लिखित की जानी है) उनकी स्थायी शारीरिक खराबी/दिव्यांगता का निम्नलिखित दिव्यांगताओं के अनुसार मूल्यांकन किया जा रहा है एवं निम्न सूची में प्रासंगिक दिव्यांगता के सामने प्रकट किया गया है :–

क्र0 सं0	दिव्यांगता का प्रकार	शरीर का प्रभावित भाग	निदान	स्थायी शारीरिक खराबी (मानसिक दिव्यांगता में ..... प्रतिशत)
1	गति सम्बन्धी दिव्यांगता	@		
2	मांशपेशियों का अल्पविकास			
3	ठीक हुआ कुष्ठ रोग			
4	बौनापन			
5	प्रमस्तिष्क अंगघात			
6	एसिड अटैक से पीड़ित			
7	कम दृष्टि	#		
8	दृष्टिहीन	#		
9	बधिर	$		
10	ऊंचा सूनने वाला	$		
11	वाक एवं भाषा सम्बन्धी दिव्यांग			
12	बौद्धिक अक्षमता			
13	विशिष्ट सीखने सम्बन्धी अक्षमता			
14	स्वालीनता			
15	मानसिक विकार			
16	तंत्रिका सम्बन्धी जीर्णरोग			
17	एकाधिक काठिन्य			
18	पार्किसन रोग			
19	हीमोफिलिया			
20	थैलासीमिया			
21	सिकल सेल एनीमिया			

(ख) उपरोक्त प्रकाश में दिशा–निर्देशों के अनुरूप (.....संख्या एवं दिशा–निर्देशों को जारी करने की तिथि उल्लिखित की जानी है) इनकी सम्पूर्ण शारीरिक खराबी इस प्रकार है :–
प्रतिशत संख्या में.....शब्दों में.....

(ग) यह स्थिति क्रमिक/अक्रमिक/आगे बढ़ने वाली/आगे नहीं बढ़ने वाली है.....

(घ) दिव्यांगता का पुनराकलन है :–

- आवश्यक नहीं
  अथवा
- इसकी अनुशंसा की जाती है .....वर्ष.....माह बाद एवं इसलिये यह प्रमाण–पत्र तक मान्य होगा।
  दिन.....माह.....वर्ष.....
  @ उदाहरण : बांया/दायां/दोनों हाथ/पैर
  # उदाहरण : एक आंख
  $ उदाहरण : बांया/दायां/दोनों कान

(ङ) आवेदक के निवास प्रमाण–पत्र के रूप में निम्न दस्तावेज जमा किये हैं :–

दस्तावेज का प्रकार	जारी करने की तिथि	जारी करने वाले प्राधिकारी का विवरण

(अधिसूचित मेडिकल प्राधिकरण के प्राधिकारी हस्ताक्षरी)
(नाम एवं मुहर)
प्रतिहस्ताक्षरकृत
(मुख्य चिकित्साधिकारी/चिकित्सा अधीक्षक/
सरकारी अस्पताल के प्रधान अधिकारी के प्रतिहस्ताक्षर/
अंगूठे का निशान एवं मुहर,
यदि प्रमाण–पत्र ऐसे मेडिकल प्राधिकरण की ओर से जारी किया जा रहा है, जो सरकारी कर्मचारी नहीं है, (मुहर सहित)

उप व्यक्ति के हस्ताक्षर/अंगूठे का निशान जिसके समर्थन में दिव्यांगता प्रमाण–पत्र जारी किया जा रहा है।

नोट : यदि यह प्रमाण–पत्र ऐसे मेडिकल प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया है जो सरकारी कर्मचारी नहीं है तो यह केवल जिले के मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित होने पर ही मान्य होगा।

फार्म–VIII

1	श्री भूषण लाल, ट्रक ड्राईवर, श्री सुरेन्द्र नेगी, ट्रेक्टर चालक, श्री रतन सिंह चौहान, ट्रक मालिक एवं अन्य	प्रस्तावित उपविधियों में प्रतिवर्ष लाइसेंस शुल्क का प्राविधान किया गया है जिस पर हमें आपत्ति है जो दरें प्रकाशित की गई है वह अत्यधिक है। अतः इन दरों को कम किया जाय।

2	श्री महावीर गुप्ता, श्री गम्भीर रावत, श्री गुडडू रमोला, श्री सुनील पंवार एवं श्री विकास कश्यप	जिला पंचायत द्वारा आपत्तियॉ प्रस्तुत करने हेतु जो उपविधियॉ प्रकाशित कराई गई है में लदान/ढुलान हेतु प्रति वर्ष लाईसन्स शुल्क का प्राविधान किया गया है जिस पर हमें आपत्ति है कि ग्रामीण क्षेत्रों में जो लदान/ढुलान का शुल्क वसूल किया जाता है की प्रस्तावित दरें अत्यधिक है इन्हें कम किया जाय।
3	भारत फुट कम्पनी, टी0सी0 ट्रांसपोर्ट कम्पनी एवं श्री रितेन्द्र कुमार सोढी	जिला पंचायत द्वारा आपत्तियॉ प्रस्तुत करने हेतु जो उपविधियॉ प्रकाशित कराई गई है में लदान/ढुलान हेतु प्रति वर्ष लाईसन्स शुल्क का प्राविधान किया गया है जिस पर हमें आपत्ति है कि ग्रामीण क्षेत्रों में जो लदान/ढुलान का शुल्क वसूल किया जाता है की प्रस्तावित दरें अत्यधिक है इन्हें कम किया जाय।
4	श्री भूषण लाल काम्बोज, श्री चम्पत सिंह राणा, श्री फुरकान अहमद, श्री खलील अंहमद, ट्रक स्वामी, श्री रामलाल, श्री गब्बर सिंह, ड्राइवर	जिला पंचायत द्वारा आपत्तियॉ प्रस्तुत करने हेतु जो उपविधियॉ प्रकाशित कराई गई है में लदान/ढुलान हेतु प्रति वर्ष लाईसन्स शुल्क का प्राविधान किया गया है जिस पर हमें आपत्ति है कि ग्रामीण क्षेत्रों में जो लदान/ढुलान का शुल्क वसूल किया जाता है वह वास्तव में गलत है क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में किसान व अन्य अपने निजी वाहन से लदान/ढुलान करते है। यदि यह शुल्क समाप्त नही किया गया तो सभी इसका विरोध करेंगे।
5	श्री अरविन्द चौहान, श्री राकेश राणा, श्री कुन्दन लाल एवं अन्य	जिला पंचायत द्वारा आपत्तियॉ प्रस्तुत करने हेतु जो उपविधियॉ प्रकाशित कराई गई है में लदान/ढुलान हेतु प्रति वर्ष लाईसन्स शुल्क का प्राविधान प्रकाशित किया गया है जिस पर हमें आपत्ति है कि ग्रामीण क्षेत्रों में जो लदान/ढुलान का शुल्क वसूल किया जाता है यह गलत है क्योकि ग्रामीण क्षेत्रों में कोई भी कार्य नही कराये जाते है। इस पर ग्रामीणों एवं व्यवसाइयों द्वारा रोष प्रकट किया गया है।

4. लाईसेन्स दुकानात् उपविधियॉ, 2019

1	रावत ढाबा श्री रणजीत सिंह, सुद्धोवाला, फौजी ढाबा, लांघा सेड़, संग्रीला रेस्टोरेन्ट, श्री अशोक कुमार, श्री परवेज कुमार एवं अन्य	जिला पंचायत द्वारा आपत्तियॉ प्रस्तुत करने हेतु जो उपविधियॉ प्रकाशित कराई गई है में होटल/रेस्टोरेन्ट ढाबों एवं अन्य व्यवसायों हेतु प्रति वर्ष लाईसन्स शुल्क की दरें अत्यधिक प्रतीत हो रही है। हमें इस पर आपत्ति है कि जो दरें प्रस्तावित की गई है वो अत्यधिक है। अतः हमारे व्यवसाय के हित में इन दरों को कम किया जाय।
2	श्री अशोक कुमार, दुकान परचून, रवि मेडिकल स्टोर, डमरू कलाथ हाऊस, पंकज राणा, ढाबा	जिला पंचायत द्वारा आपत्तियॉ प्रस्तुत करने हेतु जो उपविधियॉ प्रकाशित कराई गई है में ढाबों/दुकान परचून/मेडिकल स्टोर आदि की लाइसेन्स शुल्क की दरें अत्यधिक है। हमें इस पर बहुत आपत्ति है। हमारे व्यवसाय के लिए इन दरों को कम किया जाय।
3	श्री ओम प्रकाश पाल, श्री असलम, कपड़े की दुकान बड़ी, श्री पूरण सिंह, परचून दुकान बड़ी, श्री हिम्मत सिंह रावत, जनरल स्टोर, श्री सुरेन्द्र चोपड़ा, सुनार एवं श्री जुगल किशोर मेडिकल स्टोर	जिला पंचायत द्वारा आपत्तियॉ प्रस्तुत करने हेतु जो उपविधियॉ प्रकाशित कराई गई है में दुकानों के लाइसेन्स शुल्क की फीस प्रकाशित की गयी है इनमें हमें आपत्ति है कि ये दरें बहुत अधिक है जिन्हें कम करना हम व्यवसायीयों (दुकानों) के लिए जरूरी है।

4	श्री प्रेम लाल, दुकान परचून, श्री रमेश चन्द्र, कपड़ा कार्य, श्री मुकेश कुमार जैन, मडिकल, श्री संजय थापा, जनरल स्टोर	जिला पंचायत द्वारा आपत्तियॉ प्रस्तुत करने हेतु जो उपविधियॉ प्रकाशित कराई गई है में दुकानों के लाइसेन्स शुल्क की फीस प्रकाशित की गयी है इनमें हमें आपत्ति है। हमें लाइसेन्स शुल्क से मुक्त किया जाय।
5	श्री अशोक राणा, श्री मुश्ताक अहमद, श्री गुलशेर अली, श्री शमशेर रावत, श्री अशोक चौहान, श्री पंकज सिंह राणा एवं अन्य	जिला पंचायत द्वारा आपत्तियॉ प्रस्तुत करने हेतु जो उपविधियॉ प्रकाशित कराई गई है में लाइसेन्स शुल्क की दरें प्रकाशि की गई है। जिस पर हमें आपत्ति है कि जो दरें प्रस्तावित की गई है वें अत्यधिक है। जिला पंचायत द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों मे कोई कार्य नही कराया जाता है अतः हम लाईसेन्स शुल्क देने में असमर्थ है।

समिति द्वारा उपरोक्त आपत्तियों पर विचार किया गया। उपरोक्त आपत्तियों पर सम्यक विचारोपरान्त समिति का सुझाव निम्नवत् है:-

1. **फैक्ट्री/अन्य व्यवसायिक उपविधियॉ, 2019:-** प्रस्तावित फैक्ट्री/अन्य व्यवसायिक उपविधियॉ, 2019 के संबंध में की गई आपत्तियॉ विभिन्न व्यवसायों हेतु प्रस्तावित दरों के अधिक होने के संबंध में है। इस संबंध में प्रस्तावित उपिविधि की दरों का परीक्षण किया गया। परीक्षणोपरान्त उपविधि में प्रस्तावित दरों में निम्नानुसार संशोधन किये जाने का सुझाव है:-

क0 सं0	प्रस्तावित उपविधि में व्यवसाय का कमांक	नाम व्यवसाय	प्रस्तावित दर	संशोधित दर
1	3	आटा चक्की	400/-	300/-
2	5	गन्ना चर्खी	700/-	500/-
3	7	तेल कोल्हू	400/-	300/-
4	11	मिनी सेलर	2500/-	2000/-
5	18	राईस मिल	8000/-	7000/-
6	23	पेट्रोल पम्प	6000/-	5000/-
7	50	अन्य छोटे-छोटे शक्ति चालित उद्योग, जो इस सूची में सम्मिलित नहीं हैं	1500/-	1000/-
8	51	होजरी उद्योग	2500/-	2000/-
9	62	खराद मशीन	1500/-	1000/-
10	65	अचार फैक्ट्री	2500/-	2000/-
11	68	अंग्रेजी/आयुर्वेदिक दवाई बनाने की फैक्ट्री	6000/-	5000/-
12	80	जूता बनाने की फैक्ट्री	6000/-	5000/-
13	81	मशरूम फैक्ट्री	1500/-	1000/-
14	82	हर्बल/कॉस्मेटिक फैक्ट्री	1500/-	1000/-
15	101	01 से 20 कमरों तक होस्टल/पीजी	12000/-	10000/-
16	102	20 से 100 कमरों तक होस्टल/पीजी	17000/-	15000/-
17	103	100 से अधिक कमरों तक होस्टल/पीजी	21000/-	20000/-
18	106	100 बच्चों तक की संख्या वाला कोचिंग इन्स्टीट्यूट	700/-	500/-
19	107	100 से ऊपर के बच्चों की संख्या वाला कोचिंग इन्स्टीट्यूट	1400/-	1000/-

2. होर्डिंग/यूनीपोल उपविधियॉ, 2019:– प्रस्तावित होर्डिंग/यूनीपोल उपविधियॉ, 2019 के संबंध प्राप्त आपत्तियों आपत्तिकर्ताओं द्वारा मुख्यतः दो प्रकार की आपत्ति की गई है प्रथम आपत्ति यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों में जो होर्डिंग/यूनीपोल लगाये जाते है वें निजी जमीन या सम्पत्ति पर लगाये जाते है जिसका जिला पंचायतो को कोई शुल्क लेने का अधिकार नही है। द्वितीय आपत्ति यह है कि सड़क किनारे होर्डिंग/यूनीपोल लगाने से दुर्घटना होने का डर रहता है।

प्रथम आपत्ति के सबंध में अवगत कराना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकांश में होर्डिंग/यूनीपोल सार्वजनिक सड़कों के किनारे स्थापित किये जाने है जिन पर सामान्य जन मानस से किसी प्रकार का कोई शुल्क उदग्रहित नही किया जाता है। निजी जमीन या सम्पत्ति पर लगाये जाने वाले होर्डिंग/यूनीपोल से भूमि/भवन स्वामी को आय प्राप्त होती है जिससे नियमानुसार जिला पंचायत शुल्क वसूल कर सकती है। द्वितीय आपत्ति के सबंध में अवगत कराना है कि प्रस्तावित उपविधि में होर्डिंग/यूनीपोल स्थापित किये जाने से किसी दुर्घटना होने की आशंका एवं यातायात बाधित होने की आशंकाओं को ध्यान में रखते हुए शर्तो का निर्धारण किया गया है। अतः उक्त आपत्तियॉ निराधार प्रतीत होती है।

2. लदान–ढुलान तथा जनसाधारण की सुरक्षा उपविधियॉ, 2019:– प्रस्तावित लदान–ढुलान तथा जनसाधारण की सुरक्षा उपविधियॉ, 2019 में प्रमुख आपत्तियॉ लदान–ढुलान की दरों के संबंध में की गई है। समिति द्वारा प्रस्तावित दरों का परीक्षण किया गया है। परीक्षणोपरान्त उपविधि में प्रस्तावित दरों में निम्नानुसार संशोधन किये जाने का सुझाव है:–

क्र0 सं0	वाहन का प्रकार	प्रस्तावित दर	संशोधित दर
1	मिनी ट्रक	100/–	50/–
2	ट्रैक्टर	100/–	50/–
3	ट्रक	150/–	100/–
4	आठ टायर वाला बडा ट्रक	250/–	150/–

3. लाईसेन्स दुकानात् उपविधियॉ, 2019:– प्रस्तावित लाईसेन्स दुकानात् उपविधियॉ, 2019 में मुख्य आपत्तियॉ विभिन्न व्यवसायों हेतु प्रस्तावित लाईसेन्स की दरों के संबंध में की गई है। समिति द्वारा प्रस्तावित दरों का परीक्षण किया गया है। परीक्षणोपरान्त उपविधि में प्रस्तावित दरों में निम्नानुसार संशोधन किये जाने का सुझाव है:–

क्र0 सं0	प्रस्तावित उपविधि में व्यवसाय का कमांक	नाम व्यवसाय	प्रस्तावित दर	संशोधित दर
1	1	कपड़े की छोटी दुकान जिसमें 10 हजार से कम का माल हो।	100/–	50/–
2	2	कपड़े की दुकान जिसमें 10 हजार से ऊपर का माल हो।	200/–	100/–
3	6	परचून एवं कपड़े की संयुक्त बड़ी दुकान	300/–	200/–
4	9	सोने चॉदी के आभूषण बनाने की दुकान तथा व्यापार	600/–	500/–
5	10	ऐलापैथिक, आर्युवेदिक, होम्योपैथिक दवाखाना (मेडिकल स्टोर)	700/–	500/–

6	11	खाना खिलाने का ढाबा/होटल	500/–	300/–
7	17	स्टील, चीनी मिट्टी तथा धातु के बर्तन बेचने की दुकान	400/–	200/–
8	20	फर्नीचर बनाने एवं बेचने की दुकान	700/–	500/–
9	28	ब्यूटी पार्लर, टेलर, घड़ीसाज, साईकिल मरम्मत की दुकान	400/–	200/–
10	34	वेल्डिंग एवं लोहे की आलमारी, खिड़की, दरवाजे इत्यादि बनाने की दुकान	300/–	200/–

अतः समिति प्रस्तावित होर्डिंग/यूनीपोल उपविधियॉं, 2019 के सापेक्ष प्राप्त आपत्तियों को निराधार पाये जाने के कारण निरस्त किये जाने एवं फैक्ट्री/अन्य व्यवसायिक उपविधियॉं, 2019, लदान–ढुलान तथा जनसाधारण की सुरक्षा उपविधियॉं, 2019 एवं लाईसेन्स दुकानात् उपविधियॉं, 2019 के सापेक्ष प्राप्त आपत्तियों के क्रम में इन प्रस्तावित उपविधियों में उपरोक्तानुसार संशोधन करते हुए प्रस्तावित उपविधियों को अन्तिम रूप देते हुए अनुमोदन हेतु जिला पंचायत की आगामी बैठक में रखे जाने की संस्तुति करती है।

ह0 अस्पष्ट
कर अधिकारी
जिला पंचायत, देहरादून

ह0 अस्पष्ट
कार्य अधिकारी
जिला पंचायत, देहरादून

ह0 अस्पष्ट
अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत, देहरादून

स्वीकृत

ह0 अस्पष्ट
अध्यक्ष,
जिला पंचायत, देहरादून

कार्यालय जिला पंचायत, देहरादून

उत्तराखण्ड पंचायतीराज अधिनियम, 2016 (अधिनियम संख्या 11 वर्ष 2016) के भाग–4 अध्याय–19 की धारा 106 के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए जिला पंचायत, देहरादून अपने अधिकार क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाले ग्रमीण क्षेत्रों में संचालित समस्त प्रकार की फैक्ट्रियों /होटल रेस्टोरेंट/छात्रावास/रिसोर्ट एवं अन्य व्यवसायों आदि को ग्रामीण क्षेत्रों की सुरक्षा एवं सुविधा की दृष्टि से नियन्त्रित एवं प्रबन्धित करने हेतु निम्नलिखित उपविधि बनाती है।

उपविधियाँ

1. यह उपविधियाँ जिला पंचायत, देहरादून की फैक्ट्री/अन्य व्यवसायिक उपविधियाँ, 2019 कहलायी जायेंगी।
2. यह उपविधियाँ जनपद देहरादून के समस्त ग्रामीण क्षेत्रों पर सभी वर्तमान तथा भविष्य में स्थापित होने वाली समस्त प्रकार की फैक्ट्री /होटल,रेस्टोरेण्ट ,रिसोर्ट,छात्रावास, कोचिंग इन्स्टीट्यूट ,शापिंग माल एवं अन्य व्यवसाय पर इनके राजकीय गजट में प्रकाशन की तिथि से प्रभावी होगी ।
3. कोई व्यक्ति/फर्म तथा कम्पनी आदि जिले के ग्राम्य क्षेत्र के अन्तर्गत तब तक कोई फैक्ट्री नहीं संचालित करेगा, जब तक वह इन उपविधियों के अधीन निर्धारित शुल्क भुगतान कर, अनुज्ञा पर प्राप्त न कर लें।
4. इन उपविधियों के अधीन अनुज्ञाधारी को पड़ोस के निवासियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के लिए निम्न शर्तों का पालन करना होगा।
   (क) फैक्ट्री के अहातों को जिला स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों जो सफाई निरीक्षक के दर्जे से कम का न हो तथा जिला पंचायत के अधिकारियों, सदस्यों और अध्यक्ष के निरीक्षण के लिये ऐसी मांग होने पर निरीक्षण की सुविधा प्रदान करेगा।
   (ख) फैक्ट्री एवं उल्लिखित अन्य व्यवसायों में 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को कार्य पर नहीं लगायेगा।
   (ग) फैक्ट्री/एवं उपविधि में इंगित अन्य व्यवसायों का मलवा सार्वजनिक स्थान पर नहीं डालेगा और हमेशा उसकी सीमाओं को स्वच्छ रखेगा।
   (घ) यदि फैक्ट्री में चिमनी हो तो उसकी ऊँचाई आस–पास की सबसे ऊँची इमारत से 15 फिट से ऊपर ही रखेगा।
   (ड़) असाधारण शोर–गुल तथा प्रदूषण को रोकने की पूरी–पूरी व्यवस्था रखेगा।
   (च) फैक्ट्री/उपविधि में इंगित व्यवसायों से बहने वाले गन्दे पानी के निकास की उचित व्यवस्था रखेगा।
5. इन उपविधियों के अधीन अपर मुख्य अधिकारी के सामान्य निर्देशन में कार्य अधिकारी, लाईसेन्स अधिकारी होंगे।
6. लाईसेन्स अधिकारी को लाईसेन्स निर्गत करने के सम्बन्ध में समस्त उचित कार्यवाही करने , लाईसेन्स रद्द करने तथा रोकने का अधिकार होगा। प्रतिबन्ध यह होगा कि लाईसेन्स अधिकारी के निर्णय के विरूद्ध नियमानुसार अध्यक्ष, जिला पंचायत को अपील की जा सकेगी। जिसका निर्णय अन्तिम तथा बन्धनकारी होगा।
7. लाईसेन्स की अवधि एक वर्ष के लिये होगी, जो उस वर्ष के 01 अप्रैल से आगामी 31 मार्च तक के लिए होगी। वर्ष का अभिप्राय: वित्तीय वर्ष के पूरे महीनों अथवा वर्ष के किसी भी मास से होगा।
8. प्रत्येक लाईसेन्सी को अपना लाईसेन्स चालू वर्ष के लिए 01 अप्रैल से 30 जून तक नवीनीकरण करवाना होगा। निर्धारित तिथि तक लाईसेन्स नवीनीकरण न करवाने की दशा में लाइसेन्स शुल्क का 50 प्रतिशत विलम्ब शुल्क सहित जमा किया जायेगा। यदि कोई व्यक्ति लाईसेन्स नहीं बनवाता है, या नवीनीकरण नहीं कराता है, तो लाईसेन्स अधिकारी को ऐसे व्यक्ति/व्यवसायी अथवा फैक्ट्री संचालक के विरूद्ध चालान करने

का पूर्ण अधिकार होगा। चालान करने के उपरान्त लाईसेन्स कम्पाउण्ड फीस 25 प्रतिशत एवं विलम्ब शुल्क सहित प्रशमन शुल्क भी देना होगा।

9. लाईसेन्स की दरें निम्नवत् होंगी :–

क0सं0	नाम व्यवसाय	प्रति वर्ष हेतु दरें (रूपये में)
1	2	3
1	लकड़ी का कोयला बनाना	300/–
2	धान मशीन	300./–
3	आटा चक्की	300/–
4	रूई मशीन	300/–
5	गन्ना चर्खी	500/–
6	आरा मशीन	5000./–
7	तेल कोल्हू	300/–
8	काँच के सामान की फैक्ट्री	1000/–
9	हींग फैक्ट्री	2000/–
10	रासायनिक पदार्थ जिसमें चूर्ण बनाना भी शामिल है, कैमिकल आदि	3000/–
11	मिनी सेलर	2000/–
12	लोहे के सामान बनाने की फैक्ट्री	5000/–
13	शराब/बीयर फैक्ट्री	25000/–
14	खड्डी	500/–
15	चीनी मिल	25000/–
16	बल्ब/सी0एफ0एल0/एल0ई0डी0 फैक्ट्री	3000/–
17	ऑटा मिल	5000/–
18	राईस मिल	7000/–
19	मैदा मिल	10000/–
20	पंखा फैक्ट्री	5000/–
21	चूना पीसने की चक्की	1000/–
22	रबड़ फैक्ट्री	3000/–
23	पेट्रोल पम्प	5000/–
24	कोल्ड स्टोरज	5000/–
25	गत्ता फैक्ट्री	5000/–
26	सीमेन्ट फैक्ट्री	25000/–
27	प्लास्टिक उद्योग/फैक्ट्री	5000/–
28	कोयले के लड्डू/टिकली कोयला बनाना	1000/–

1	2	3
29	सल्फर प्लॉन्ट	2000/–
30	थर्मामीटर ब्लेड, माचिस आदि की फैक्ट्री	2000/–
31	बर्फ बनाने का करखाना	5000/–
32	दूध पाउडर तथा अन्य सामान बनाने की मिल	5000/–
33	रेशम का कपड़ा बनाने की मिल या कपड़ा मिल	25000/–
34	पोटरी मैन्यूफैक्चरिंग, चीनी मिट्टी का सामान बनाने की मिल	3000/–
35	रिडनपैस्ट्रर्ड कंकरीट के हयूम पाईप बनाने का कारखाना	3000/–
36	साबुन बनाने का कारखाना	2000/–
37	मोटर गाड़ी की मरम्मत वर्कशॉप	1000/–
38	ग्लास फैक्ट्री	5000/–
39	घड़ी बनाने का कारखाना	5000/–
40	जनरेटर बनाने का कारखाना	5000/–
41	कालीन, दरी बनाने का कारखाना	5000/–
42	पैन स्याही/रकेट व खड़िया बनाने का कारखाना	2000/–
43	सीमेन्ट के कार्य जैसे गमले, जाली, टाईल्स आदि	1000/–
44	पापड़ चिप्स, आग, जैली, जूस आदि का कारखाना	2000/–
45	गैस सिलेण्डर बनाने का उपकरणों का कारखाना	5000/–
46	गैस प्लॉन्ट/बोटलिंग प्लॉन्ट	10000/–
47	खाल कारखाना	5000/–
48	इलैक्ट्रॉनिक्स/कम्प्यूटर उपकरणों का कारखाना	5000/–
49	तेल मिल	5000/–
50	अन्य छोटे–छोटे शक्ति चालित उद्योग, जो इस सूची में सम्मिलित नहीं हैं	1000/–
51	होजरी उद्योग	2000/–
52	पोली बैग्स	1000/–
53	खाण्ड मशीन पॉवर	1000/–
54	खाण्ड मशीन दस्ती	500/–
55	पाईप फैक्ट्री	3000/–
56	सर्वे फैक्ट्री/सर्वे ड्राइंग	3000/–
57	स्टोन क्रेशर	5000/–
58	प्लॉस्टिक दाना बनाना	2000/–
59	क्रीम मशीन	1000/–
60	टायर बनाने की फैक्ट्री	10000/–
61	सरिया फैक्ट्री	10000/–

1	2	3
62	खराद मशीन	1000/–
63	झाड़ू बनाने की फैक्ट्री	2000/–
64	केबल बनाने की फैक्ट्री	5000/–
65	अचार फैक्ट्री	2000/–
66	गैस गोदाम/अन्य गोदाम	2000/–
67	बारात घर	5000/–
68	अंग्रेजी/आयुर्वेदिक दवाई बनाने की फैक्ट्री	5000/–
69	पैकेजिंग	2000/–
70	सर्फ फैक्ट्री	5000/–
71	इन्वर्टर बनाने की फैक्ट्री	5000/–
72	ऑटो पार्ट्स बनाने की फैक्ट्री	5000/–
73	मीट की दुकान	1000/–
74	डिग्री कॉलेज (प्राइवेट)	5000/–
75	पॉलीटेक्निक कॉलेज (प्राइवेट	3000/–
76	आई0टी0आई0 कॉलेज (प्राइवेट	3000/–
77	इन्जीनियरिंग कॉलेज (प्राइवेट)	10000/–
78	होटल/रेस्टोरेन्ट	5000/–
79	छोटा होटल/ढाबा	1000/–
80	जूता बनाने की फैक्ट्री	5000/–
81	मशरूम फैक्ट्री	1000/–
82	हर्बल/कॉस्मेटिक फैक्ट्री	1000/–
83	ट्रांसफार्मर बनाने की फैक्ट्री	5000/–
84	काँटे बनाने का कारखाना	5000/–
85	पेपर मिल	5000/–
86	मिनरल वॉटर का करखाना	2000/–
87	लकड़ी के गट्टू बनाने की मशीन	500/–
88	फोर व्हीलर एजेन्सी	5000/–
89	टू व्हीलर एजेन्सी	2000/–
90	अस्पताल	5000/–
91	सिनेमा घर	5000/–
92	शॉपिंग मॉल	5000/–
93	बार	3000/–
94	प्लाई बोर्ड फैक्ट्री	5000/–
95	कक्षा एक से कक्षा आठ तक के प्राईवेट स्कूल	1000/–
96	कक्षा नौ से कक्षा बारह तक के प्राईवेट स्कूल	2000/–

1	2	3
97	ब्रेड फैक्ट्री	3000/–
98	बेकरी/नमकीन	1500/–
99	शराब की दुकान	2000/–
100	अन्य फैक्ट्री	5000/–
101	01 से 20 कमरों तक होस्टल/पीजी	10000/–
102	20 से 100 कमरों तक होस्टल/पीजी	15000/–.
103	100 से अधिक कमरों तक होस्टल/पीजी	20000/–
104	रिसोर्ट 01 से 10 कमरों का	5000/–
105	रिसोर्ट 10 से अधिक कमरों का	10000/–
106	100 बच्चों तक की संख्या वाला कोचिंग इन्स्टीट्यूट	500/–
107	100 से उपर के बच्चों की संख्या वाला कोचिंग इन्स्टीट्यूट	1000/–

शास्ति

उत्तराखण्ड पंचायतीराज अधिनियम, 2016 (अधिनियम संख्या– 11 वर्ष, 2016) की धारा 147 से 149 के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए यह हिदायत दी जाती है कि कोई व्यक्ति इस नियम/उपविधि का उल्लंघन करता है तो जुर्माना जो रूपये– 1000/– तक हो सकता है अथवा जैसा विहित किया जाए, दण्डनीय होगा और ऐसा उल्लंघन जारी रहता है तो वह एक ऐसे और जुर्माने से जो प्रथम बार दोष सिद्ध होने की तिथि के पश्चात् प्रत्येक दिन के लिए, जिसके दौरान अपराधी द्वारा अपराध का निरन्तर किया जाना सिद्व हो रूपये– 100/– तक हो सकता है अथवा जैसा विहित किया जाए दण्डनीय होगा।

कार्यालय जिला पंचायत, देहरादून।

उत्तराखण्ड पंचायतीराज अधिनियम, 2016 (अधिनियम संख्या 11 वर्ष 2016) के भाग–4 अध्याय–19 की धारा 106 में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए जिला पंचायत, देहरादून जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में होर्डिंग/यूनीपोल लगाये जाने की व्यवस्था नियंत्रित/प्रबन्धित किये जाने हेतु निम्नलिखित उपविधि बनाती है।

उपविधियाँ

1. ये उपविधियाँ जिला पंचायत देहरादून की होर्डिंग/यूनीपोल उपविधियाँ, 2019 कहलाई जायेंगी।
2. ये उपविधियाँ विधिपूर्वक पुष्टि होने के उपरान्त सरकारी गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से प्रभावी होगी।
3. ये उपविधियाँ जनपद देहरादून के ग्रामीण क्षेत्रों में लागू होंगी।
4. परिभाषाएँ– इन उपविधियों में–
   (1) **"अधिनियम"** का तात्पर्य उत्तराखण्ड पंचायतीराज अधिनियम, 2016 से है।
   (2) **"ग्रामीण क्षेत्र"** का तात्पर्य उत्तराखण्ड पंचायतीराज अधिनियम, 2016 की धारा–2 (3) में परिभाषित ग्राम्य क्षेत्र से है।
   (3) **"सार्वजनिक स्थान"** से तात्पर्य उस स्थान अथवा स्थानों से है, जहाँ जनसाधारण का आवागमन होता हो।
5. इन उपविधियों के अधीन कोई भी व्यक्ति या संस्था जिला पंचायत के क्षेत्रान्तर्गत ग्रमीण क्षेत्रों में तब तक कोई भी होर्डिंग/यूनीपोल न ही लगायेगा और न ही लगवायेगा जब तक कि वह होर्डिंग/यूनीपोल लगाये जाने हेतु निर्धारित शुल्क जिला पंचायत को अदा नही कर देता।

होर्डिंग/यूनीपोल स्थापित किये जाने हेतु स्वीकृत स्थान/मार्ग, होर्डिंग/यूनीपोल की संख्या एवं दरें:–

क्र0सं0	मार्ग का नाम स्थान सहित	होर्डिंग/यूनीपोल की संख्या (अधिकतम)	निर्धारित दरें (रूपये में) प्रतिवर्ग फिट प्रति वर्ष
1	2	3	4
1	नन्दा की चौकी से डाकपत्थर तक कुल होर्डिंग/यूनीपोल की संख्या	25	
	नन्दा की चौकी	6	60/–
	सेलाकुई	8	60/–
	रामपुर	2	60/–
	सहसपुर	5	60/–
	डाकपत्थर	4	60/–
2	विकासनगर से कालसी तक कुल होर्डिंग/यूनीपोल की संख्या	10	
	जीवनगढ़	2	30/–
	अम्बाड़ी	2	30/–
	हरिपुर	2	30/–
	कालसी	4	30/–
3	हरबर्टपुर से कुल्हाल तक कुल होर्डिंग/यूनीपोल की संख्या	5	
	रामपुर मण्डी	2	30/–
	कुल्हाल	3	60/–

1	2	3	4
4	शिमला बाईपास से धर्मावाला तक कुल होर्डिंग/यूनीपोल की संख्या	7	
	नयागांव पेलियो	2	30/–
	भुड्डी चौक	2	30/–
	आसनपुर	1	30/–
	धर्मावाला चौक	2	30/–
5	सुभाषनगर मोहब्बेवाला से आशारोड़ी तक कुल होर्डिंग/यूनीपोल की संख्या	10	
	सुभाषनगर	7	60/–
	आशारोड़ी	3	60/–
6	जोगीवाला से ऋषिकेश तक कुल होर्डिंग/यूनीपोल की संख्या	17	
	कुंवावाला	3	60/–
	लच्छीवाला	4	60/–
	भानियावाला	4	60/–
	रानीपोखरी	4	60/–
	अठूरवाला	2	60/–
7	ऋषिकेश से नेपाली फार्म तक कुल	10	
	होर्डिंग/यूनीपोल की संख्या		
	श्यामपुर	5	60/–
	गुमानीवाला	5	60/–
8	भानियावाला से मोतीचूर तक कुल होर्डिंग/यूनीपोल की संख्या	10	
	लालतप्पड	5	60/–
	रायवाला	3	60/–
	छिद्दरवाला	1	60/–
	मोतीचूर	1	60/–
9	कुठालगेट से सिनोला मालसी तक कुल	8	
	होर्डिंग/यूनीपोल की संख्या		
	कुठालगेट	3	60/–
	मालसी चौक	1	60/–
	भगवानपुर चौक	1	60/–
	सिनोला	1	60/–
	नयागांव विजयपुर	1	60/–
	अनारवाला	1	60/–
10	रायपुर रोड़ पैसिफिक गोल्ड सिटी से सहस्त्रधारा	8	
	तक कुल होर्डिंग/यूनीपोल की संख्या		
	पैसिफिक गोल्ड सिटी के पास	4	60/–
	सहस्त्रधारा	4	60/–

1	2	3	4
11	सुद्धोवाला से भाऊवाला तक कुल होर्डिंग/यूनीपोल की संख्या	8	
	सुद्धोवाला	2	60/–
	माण्डूवाला	3	60/–
	भाऊवाला चौक	3	30/–
12	लांघारोड़ से जीवनगढ़ तक कुल होर्डिंग/यूनीपोल की संख्या	6	
	लांघा रोड़	3	30/–
	बरोटीवाला चौक	3	30/–
13	लांघारोड़ से होरावाला तक कुल होर्डिंग/यूनीपोल की संख्या	4	
	छरबा	2	30/–
	होरावाला	2	30/–

विभिन्न विज्ञापनों हेतु निर्धारित दरें:–

क0सं0	जिन पर विज्ञापन लगाया जाना है उनके नाम	दरें प्रति वर्ग फिट प्रति वर्ष
1	दुकानों/भवनों पर लगे साइन बोर्ड पर शुल्क	रू0 30/–
2	पुल के कॉलम पर विज्ञापन शुल्क (साइज 10X20 फिट)	रू0 30/–
3	निजी बस/पब्लिक बस पर विज्ञापन शुल्क (साइज 4X15 फिट)	रू0 30/–
4	डिलीवरी वाहन/सर्विस वाहन/टैक्सी पर विज्ञापन शुल्क	रू0 500/– प्रविवर्ष
5	लाउडस्पीकर द्वारा प्रचार पर शुल्क	रू0 100 प्रतिदिन

होर्डिंग लगाने की शर्तें:–

1. होर्डिंग/यूनीपोल सड़क के लगभग समानान्तर लगाये जायेगें जिससे यातायात में कोई व्यवधान उत्पन्न न हों।
2. होर्डिंग/यूनीपोल का अधिकतम साइज 20X10 फिट होगा।
3. होर्डिंग/यूनीपोल की संरचना मजबूत फ्रेम पर तैयार की जायेगी ताकि ऑधी तूफान में न गिरे और जानमाल की कोई हानि न हो।
4. किसी भी विज्ञापन एजेन्सी द्वारा यदि स्वीकृत विज्ञापन पट्ट के इतर कोई विज्ञापन प्रदर्शित किया हुआ पाया जाता है तो बिना किसी पूर्व नोटिस के विज्ञापन एजेन्सी का पंजीकरण निरस्त कर दिया जायेगा।
5. विज्ञापन की स्वीकृति अधिकतम दो वर्ष के लिए दी जायेगी तथा वर्ष की गणना 01 अप्रैल से 31 मार्च तक होगी।
6. जनहित में अथवा यातायात की दृष्टि से जिला प्रशासन अथवा सरकार के निर्देशानुसार यदि किसी स्वीकृत विज्ञापन पट्ट को हटाने की आवश्यकता होती है तो बिना किसी पूर्व नोटिस के विज्ञापन पट्ट को हटा दिया जायेगा जिस पर किसी भी प्रकार का कोई प्रतिकर देय नही होगा।

7. विज्ञापन पट्टो पर प्रतिबन्धित उत्पादों जैसे शराब, तम्बाकू, धूम्रपान, कोई अश्लील सामग्री, जातिसूचक शब्दों, धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले विज्ञापनों, पशु कुरता, हिंसात्मक हथियारों आदि का प्रदर्शन पूर्णतया प्रतिबन्धित होगा।
8. विज्ञापन/यूनीपोल का आवंटन निर्धारित न्यूनतम धनराशि पर पंजीकृत विज्ञापन एजेन्सियों से प्रति विज्ञापन पट्ट सीलबन्द निविदायें आंमत्रित कर सर्वोच्च बोलीदाता को किया जायेगा।
9. नीलामी में उसी ऐजेन्सी को भाग लेने की अनुमति होगी जो जिला पंचायत में पंजीकृत हो तथा जिसका प्रोपराइटर उत्तराखण्ड राज्य का स्थायी निवासी होगा। आवेदन पत्र के साथ सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्गत स्थायी निवास प्रमाण–पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करनी होगी।
10. निविदायें अपर मुख्य अधिकारी अथवा उनके द्वारा गठित संमिति के द्वारा मांगी जायेगी जिसका निर्णय अन्तिम एवं मान्य होगा।
11. निजी भवनों एवं भूमि पर किसी भी प्रकार के विज्ञापन अवैध रूप से लगने पर विज्ञापन एजेन्सी/भवन स्वामी से जिला पंचायत जुर्माना वसूल कर सकती है एवं अवैध विज्ञापन पट्ट को तत्काल हटा सकती है।
12. चौराहो और मोड़ों पर दोनों ओर सड़क के मध्य से 25–25 मीटर की दूरी तक कोई भी होर्डिंग/यूनीपोल नही लगाये जायेगें।
13. उपरोक्त शर्तो में से किसी भी शर्त का उल्लघंन पाये जाने पर बिना किसी पूर्व नोटिस के एजेन्सी का पंजीकरण निरस्त करते हुए ब्लेकलिस्टेड करने का अधिकार अपर मुख्य अधिकारी में निहित होगा।
14. जनहित में जिला पंचायत में पंजीकृत विज्ञापन एजेन्सियों को जो भी विज्ञापन पट्ट स्वीकृत किये जायेगें उन पर "सुन्दर दून, हरा दून" तथा " स्वच्छ भारत स्वच्छ जनपद" का स्लोगन प्रदर्शित किया जायेगा।

शास्ति

उत्तराखण्ड पंचायतीराज अधिनियम, 2016 (अधिनियम संख्या 11 वर्ष 2016) के भाग–4 अध्याय–19 की धारा 147 से 149 के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए यह हिदायत दी जाती है कि यदि कोई व्यक्ति इन उपविधियों का उल्लघंन करता है तो जुर्माने से जो 1,000/– (रू0 एक हजार) तक हो सकता है, दण्डनीय होगा और यदि ऐसा उल्लघंन जारी रहता है, तो वह एक ऐसे और जुर्माने से जो प्रथम बार दोषसिद्धि की तिथि के पश्चात् प्रत्येक दिन के लिए जिसके दौरान अपराधी द्वारा अपराध का निरन्तर किया जाना सिद्ध हो, 100/– (रू0 एक सौ) तक हो सकता है, दण्डनीय होगा।

कार्यालय जिला पंचायत, देहरादून।

उत्तराखण्ड पंचायतीराज अधिनियम, 2016 (अधिनियम संख्या 11 वर्ष 2016) के भाग–4 अध्याय–19 धारा 106 में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए जिला पंचायत, देहरादून जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में लदान–ढुलान के कार्य को संचालित/नियंत्रित/प्रबन्धित किये जाने हेतु निम्नलिखित उपविधि बनाती है।

उपविधियॉं

1. ये उपविधियॉं जिला पंचायत देहरादून की लदान–ढुलान तथा जनसाधारण की सुरक्षा उपविधियॉं, 2019 कहलाई जायेंगी।
2. ये उपविधियॉं विधिपूर्वक पुष्टि होने के उपरान्त सरकारी गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से प्रभावी होगी।
3. ये उपविधियॉं जनपद देहरादून के ग्रामीण क्षेत्रों में लागू होंगी।
4. परिभाषाऍं– इन उपविधियों में–

   (1) **"ग्रामीण क्षेत्र"** का तात्पर्य उत्तराखण्ड पंचायतीराज अधिनियम, 2016 की धारा–2 (3) में परिभाषित ग्राम्य क्षेत्र से है।

   (2) **"चिन्हांकित स्थानों/अड्डों"** से तात्पर्य उन स्थानों से है जहॉं से पशु बाजार, मेला या जनसाधारण के उपयोग में लाये जाने वाले सामान/सामग्री के लदान–ढुलान का कार्य संचालित होता हो।

   (3) **"सार्वजनिक स्थान"** से तात्पर्य उस स्थान अथवा स्थानों से है, जहॉं जनसाधारण का आवागमन होता हो।

   (4) **"वाहन"** का तात्पर्य यांत्रिक वाहनों से है, जो लदान–ढुलान के कार्य में प्रयुक्त किये जाते हो।

   (5) **"वाहन मालिक"** का तात्पर्य, उस व्यक्ति से है, जो वाहन चला रहा हो अथवा वाहन में बैठकर उसे नियंत्रित कर रहा हो।
5. इन उपविधियों के अधीन जो भी वाहन जनपद देहरादून के ग्रामीण क्षेत्रों में जन उपयोग के सामान/सामग्री के लदान–ढुलान में चलाया जा रहा हो अथवा इस प्रयोजनार्थ चलाये जाने की शंका हो, उसे तलाशी हेतु इन उपविधियों के साथ संलग्न अनुसूची के अनुसार शुल्क उद्ग्रहित करने हेतु रोका जा सकता है। ऐसे वाहन मालिक/मालिकों को निर्धारित शुल्क के साथ नियत दण्ड की धनराशि का भुगतान करना होगा। जो वाहन निर्धारित शुल्क का भुगतान नही करेगा अथवा शुल्क का भुगतान हेतु निर्धारित अड्डों पर रोके जाने पर नहीं रूकेगा, एसे वाहन स्वामियों के विरूद्ध जिला पंचायत के अध्यक्ष तथा अपर मुख्य अधिकारी पुलिस बल का प्रयोग कर सकते है।
6. जब तक इन उपविधियों के साथ संलग्न अनुसूची के अनुसार निर्धारित शुल्क अदा नही कर दिया जाता तब तक कोई भी वाहन पशु बाजारों, मेलों अथवा जिला पंचायत द्वारा चिन्हांकित स्थानों से किसी वाहन से लदान–ढुलान का कार्य नही करेगा।
7. जिला पंचायत अथवा उसके द्वारा अधिकृत ऐजेन्सीयों या ठेकेदारों द्वारा लदान–ढुलान हेतु स्थानो/अड्डों का चिन्हांकन किया जायेगा। चिन्हांकित स्थानों/अड्डों पर शुद्ध पेयजल की व्यवस्था एवं आवश्यकतानुसार समुचित छाया की व्यवस्था जिला पंचायत द्वारा अधिकृत ऐजेन्सीयों या ठेकेदारों द्वारा अपने व्यय पर की जायेगी।–
8. जिला पंचायत विभिन्न सामान जैसे नदियों के किनारें खनन सामग्री के लदान–ढुलान करने हेतु रास्तो की समुचित व्यवस्था/मरम्मत भी करेगी।

9. चिन्हांकित स्थानों/अड्डों पर सी0सी0टी0वी0 केमरे स्थापित किये जाने की व्यवस्था जिला पंचायत द्वारा अधिकृत ऐजेन्सीयों या ठेकेदारों द्वारा अपने व्यय पर की जायेगी।
10. इन उपविधियों के अधीन कोई भी वाहन किसी भी समय निर्धारित स्थानों/अड्डों के सिवाय अन्यत्र यहॉ–वहॉ खड़ा नही होगा।
11. जिला पंचायत देहरादून जनसुरक्षा एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए जनसाधारण की असुविधा को दूर करने हेतु जो भी व्यवस्था आवश्यक एवं उचित समझे, करेगी तथा आवश्यक निर्देश जारी करेगी। जिला पंचायत द्वारा जारी किये गये निर्देश इन उपविधियों के अधीन वर्णित वाहनों, वाहन स्वामियों एवं वाहन चालकों पर बन्धनकारी होगें। जिला पंचायत द्वारा लदान–ढुलान हेतु चिन्हांकित स्थानों/अड्डों को जनहित में एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानान्तरित करने का अधिकार जिला पंचायत की ओर से अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत में निहित होगा।
12. जिला पंचायत के अधिकारियों (जिनका वर्णन उत्तराखण्ड पंचायतीराज अधिनियम, 2016 में है) को अधिकार होगा कि वें मोटर व्हीकल एक्ट के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारियों को मोटर व्हीकल एक्ट के प्राविधानों के उल्लघंन के बारे में सूचित करें और उचित कार्यवाही की मांग करें।
13. जिला पंचायत लदान–ढुलान हेतु निर्धारित शुल्क को घटा या बढ़ा सकती है या किसी विशिष्ट श्रेणी के वाहनों को किसी विशिष्ट समय के लिए छूट दे सकती है। किसानों द्वारा निजी कृषि कार्य में प्रयुक्त होने वाले वाहन इन उपविधियों में निर्धारित शुल्क से मुक्त होंगे।
14. इन उपविधियों में निर्धारित शुल्क की वसूली जिला पंचायत द्वारा इस कार्य हेतु अधिकृत किसी अधिकारी या कर्मचारी या किसी व्यक्ति द्वार सीधे अथवा किसी निश्चित अवधि के लिए सार्वजनिक नीलामी द्वारा ठेके पर दे कर कराई जा सकती है।
15. जिला पंचायत उक्त लदान–ढुलान से प्राप्त आय को ग्रामीण क्षेत्रों के विकास जैसे सड़क, पानी, पथ प्रकाश, जल निकासी, स्वच्छता तथा पर्यावरण संरक्षण आदि पर तथा राष्ट्रीय राजमार्गो/राज्य मार्गो/जिला मार्गो पर आवश्यक पथ प्रकाश/ ट्रेफिक सिग्नल आदि स्थापित करने हेतु भी खर्च कर सकेगी।

टिप्पणी– लदान–ढुलान शुक्ल की वसूली सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से कराये जाने की दशा में जिला पंचायत ठेकेदार से नियमानुसार अनुबन्ध करायेगी जिस पर होने वाला सम्पूर्ण व्यय सम्बन्धित ठेकेदार द्वारा वहन किया जायेगा।

अनुसूची

क्र0सं0	वाहन का प्रकार	शुल्क की दरें (रूपये में)
1.	मिनी ट्रक	50/–
2.	ट्रैक्टर	50/–
3.	ट्रक	100/–
4.	आठ टायर वाला बडा ट्रक	150/–

शास्ति

उत्तराखण्ड पंचायतीराज अधिनियम, 2016 (अधिनियम संख्या 11 वर्ष 2016) के भाग–4 अध्याय–19 की धारा 147 से 149 के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए यह हिदायत दी जाती है कि यदि कोई व्यक्ति इन उपविधियों का उल्लघंन करता है तो जुर्माने से जो 1,000/– (रू0 एक हजार) तक हो सकता है, दण्डनीय होगा और यदि ऐसा उल्लघंन जारी रहता है, तो वह एक ऐसे और जुर्माने से जो प्रथम बार दोषसिद्धि की तिथि के पश्चात् प्रत्येक दिन के लिए जिसके दौरान अपराधी द्वारा अपराध का निरन्तर किया जाना सिद्ध हो, 100/– (रू0 एक सौ) तक हो सकता है, दण्डनीय होगा।

कार्यालय जिला पंचायत, देहरादून।

उत्तराखण्ड पंचायतीराज अधिनियम, 2016 (अधिनियम संख्या 11 वर्ष 2016) के भाग–4 अध्याय–19 की धारा 106 में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए जिला पंचायत, देहरादून जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित विभिन्न व्यवसायों को नियंत्रित/प्रबन्धित किये जाने हेतु निम्नलिखित उपविधि बनाती है।

उपविधियॉ

1. ये उपविधियॉ जिला पंचायत देहरादून की लाईसेन्स दुकानात् उपविधियॉ, 2019 कहलाई जायेंगी।
2. ये उपविधियॉ विधिपूर्वक पुष्टि होने के उपरान्त सरकारी गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से प्रभावी होगी।
3. ये उपविधियॉ जनपद देहरादून के ग्रामीण क्षेत्रों में लागू होंगी।
4. परिभाषाएँ– इन उपविधियों में–

   (1) **"अधिनियम"** का तात्पर्य उत्तराखण्ड पंचायतीराज अधिनियम, 2016 से है।

   (2) **"ग्रामीण क्षेत्र"** का तात्पर्य उत्तराखण्ड पंचायतीराज अधिनियम, 2016 की धारा–2 (3) में परिभाषित ग्राम्य क्षेत्र से है।
5. कोई भी व्यक्ति, फर्म, समिति, सरकारी/अर्द्धसरकारी संस्था, सहकारी समितियॉ तथा कोई प्राईवेट/प्राईवेट लिमिटेड कम्पनी जनपद देहरादून के ग्रामीण क्षेत्र में किसी भी प्रकार की दुकान अथवा व्यवसाय तब तक नही कर सकेगा जब तक कि वह जिला पंचायत, देहारादून से निर्धारित शुल्क जमा करके लाईसेन्स प्राप्त न कर लें।
6. खादय पदार्थो को बनाने एवं रखने हेतु किसी ऐसी धातु/पदार्थ से बने बर्तनों का प्रयोग वर्जित होगा जिनसे खादय पदार्थो के विकृत या दूषित होने की सम्भावना हो या जिनमें रखा हुआ पदार्थ स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो। प्रत्येक व्यवसायी अपनी दुकान में ऐसी व्यवस्था करेगा जिससे उसकी दुकान में रखें खादय पदार्थो पर धूल, मक्खियां या स्वास्थय के लिए हानिकारक अन्य जीवाणु न बैठ सकें।
7. प्रत्येक व्यवसायी को अपनी दुकान के ऐसे स्थान पर जो सुगमता से दिखाई दे सकें एक साईन बोर्ड लगाना होगा जिस पर लाइसेन्सधारी का नाम व व्यवसाय का नाम स्पष्ट देवनागरी लिपि में लिखा होगा।
8. इन उपविधियों के अधीन जिला पंचायत के कार्य अधिकारी एवं अपर मुख्य अधिकारी लाइसेन्स अधिकारी होंगे।
9. लाईसेन्स जिला पंचायत के अधिकारियों/कर्मचारियों अथवा जिला पंचायत द्वारा अधिकृत ठेकेदार द्वारा बनाये जायेगें। लाइसेन्स बनाये जाने का कार्य ठेकेदारी पर दिये जाने पर ठेकेदार को अपर मुख्य अधिकारी द्वारा निर्धारित की जाने वाली शर्तो का अनुपालन करना होगा। यदि ठेकेदार अपर मुख्य अधिकारी द्वारा निर्धारित शर्तो का अनुपालन करने में विफल रहता है तो अपर मुख्य अधिकारी को यह अधिकार होगा कि ठेकेदार की जमा राशि जब्त कर उसके नाम से ठेका निरस्त करते हुए शेष अवधि के लिए ठेका किसी अन्य व्यक्ति को दे दें।
10. जिला पंचायत तथा राज्य सरकार के निम्नलिखित अधिकारी किसी भी व्यवसायी की दुकान में रखी गयी सामग्री की जांच/निरीक्षण करने के लिए अधिकृत होंगे तथा जन मानस के स्वास्थ्य की दृष्टि से हानिकारक सामग्री को नष्ट कर सकेगें।

    (क) जिला पंचायत के अध्यक्ष, अपर मुख्य अधिकारी, कार्य अधिकारी व कर अधिकारी।

    (ख) जनपद के जिलाधिकारी द्वारा अधिकृत कोई अधिकारी, जनपद के मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी अथवा स्वास्थ्य विभाग का कोई अन्य अधिकारी जो स्वास्थ्य निरीक्षक से निम्न श्रेणी का न हो।

11. प्रत्येक लाईसेन्स की अवधि एक वर्ष के लिए होगी जो 01 अप्रैल से 31 मार्च तक की होगी। लाइसेन्सधारी का स्वयं का यह दायित्व होगा कि वह प्रत्येक वर्ष 30 अप्रैल तक लाईसेन्स का नवीनीकरण जिला पंचायत कार्यालय से अथवा जिला पंचायत द्वारा अधिकृत ठेकेदार से करा लें। लाईसेन्स का नवीनीकरण एवं लाइसेन्स न बनाये जाने की स्थिति में नियमानुसार सम्बन्धित न्यायालय में चालान किये जाने की कार्यवाही की जायेगी जिसका पूर्ण दायित्व उस व्यक्ति/लाईसन्सधारी का होगा।
12. जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में व्यवसाय करने वाले व्यक्ति, फर्म अथवा समिति को इन उपविधियों के प्रभावी होने के दिनांक से 30 दिन के अन्दर लाईसेन्स प्राप्त करना अनिवार्य होगा किन्तु इन उपविधियों के प्रभावी होने के पूर्व तत्समय प्रभावी किन्हीं अन्य उपविधियों के अधीन बनाया गया कोई लाईसेन्स उस अवधि के लिए वैद्य होगा जो उस लाईसेन्स में विर्निदिष्ट की गई हो।
13. इन उपविधियों के अधीन विभिन्न व्यवसायों हेतु लाईसेन्स शुल्क की दरें निम्न प्रकार होगी:-

लाईसेन्स शुल्क की दरें।

क0सं0	व्यवसाय का नाम	लाईसेन्स शुल्क की दरें (रूपये मे)
1	2	3
1.	कपड़े की छोटी दुकान जिसमें 10 हजार से कम का माल हो।	50/-
2.	कपड़े की दुकान जिसमें 10 हज़ार से ऊपर का माल हो।	100/-
3.	परचून की छोटी दुकान जिसमें 10 हजार से कम का माल हो।	50/-
4.	परचून की दुकान जिसमें 10 हजार से ऊपर का माल हो।	100/-
5.	परचून एवं कपड़े की संयुक्त छोटी दुकान जिसमें 10 हजार से कम का माल हो।	100/-
6.	परचून एवं कपड़े की संयुक्त बड़ी दुकान	200/-
7.	गल्ला किराने की दुकान जिसमें 10 कुन्तल से कम का माल हो	100/-
8.	गल्ला किराने की दुकान जिसमें 10 कुन्तल से अधिक माल हो	200/-
9.	सोने चॉदी के आभूषण बनाने की दुकान तथा व्यापार	500/-
10.	ऐलापैथिक, आर्युवेदिक, होम्योपेथिक दवाखाना (मेडिकल स्टोर)	500/-
11.	खाना खिलाने का ढाबा/होटल	300/-
12.	हलवाई एवं चाय आदि की दुकान	200/-
13.	पान, बीड़ी, सिगरेट इत्यादि की दुकान	100/-
14.	ठहरने एवं खाने की सुविधा प्रदान करने वाले होटल एवं गेस्टहाउस	500/-
15.	पुस्तकों अथवा स्टेशनरी की दुकान	300/-
16.	सजावट का सामान (गिफ्ट आइटम) बेचने की दुकान	200/-
17.	स्टील, चीनी मिट्टी तथा धातु के बर्तन बेचने की दुकान	200/-

1	2	3
18.	रेडीमेड गारमेन्ट एवं ऊन बेचने की दुकान	200/–
19.	शरबत, लस्सी एवं अन्य शीतल पेय	100/–
20.	फर्नीचर बनाने एवं बेचने की दुकान	500/–
21.	ईधन जिसमें मिट्टी का तेल, कोयला, लकड़ी टाल शामिल है	500/–
22.	फल एवं सब्जी की दुकान	200/–
23.	ऐलापैथिक, आर्युवेदिक, होम्योपेथिक चिकित्सक	500/–
24.	मोटर बाईडिंग एवं मरम्मत की दुकान	500/–
25.	रासायनिक खाद एवं पशु आहार की दुकान	500/–
26.	सीमेन्ट, चूना, सरिया, मारवल पत्थर, टाईल्स, सेनेट्री का सामान एवं अन्य भवन निर्माण से सम्बन्धित सामग्री की दुकान	500/–
27.	नाई की दुकान	100/–
28.	ब्यूटी पार्लर, टेलर, घड़ीसाज, साईकिल मरम्मत की दुकान	200/–
29.	दूध दही की डेरी	500/–
30.	टेन्ट हाऊस व रेस्टोरेन्ट	500/–
31.	बेकरी	200/–
32.	रेडियो, टेलीविजन, मोबाइल, कम्प्यूटर एवं अन्य इलैक्ट्रानिक्स तथा इलेक्ट्रीकल सामान की मरम्मत की दुकान	200/–
33.	रेडियो, टेलीविजन, फ्रिज, गीजर, पंखे एवं अन्य इलैक्ट्रानिक्स तथा इलैक्ट्रीकल सामान बेचने की दुकान	500/–
34.	वेल्डिंग एवं लोहे की आलमारी, खिड़की, दरवाजे इत्यादि बनाने की दुकान	200/–
35.	स्कूटर, मोटर साइकिल एवं अन्य दुपहिया वाहनों की मरम्मत की दुकान	200/–
36.	फेरी लगाकर किसी भी प्रकार का सामान बेचने वाले व्यवसायी	100/–
37.	भूसा स्टोर, स्पेयर पार्टस एवं पेन्ट की दुकान	200/–
38.	सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान	200/–
39.	पुराना सामान खरीदने बेचने की दुकान (कबाड़ी की दुकान)	200/–
40.	फोटोग्राफी/विडियोग्राफी की दुकान	200/–
41.	मोबाइल फोन बेचने की दुकान	300/–
42.	कम्प्यूटर बेचने की दुकान	300/–

पंजीकरण संख्या–यू0ए0/डी0ओ0/डी0डी0एन0/30/2018–2020

सरकारी गजट, उत्तराखण्ड

उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रकाशित

रुड़की, शनिवार, दिनांक 31 अगस्त, 2019 ई0 (भाद्रपद 09, 1941 शक सम्वत्)

भाग 8

सूचना एवं अन्य वैयक्तिक विज्ञापन आदि

सूचना

मेरे शैक्षिक प्रमाणपत्रों में त्रुटिवश मेरा नाम SALEEM AFFTER दर्ज हो गया है। जबकि मेरा वास्तविक नाम Saleem Akhtar है। भविष्य में मुझे Saleem Akhtar S/o Bashir Ali नाम से जाना जाये।

समस्त विधिक औपचारिकताऐं मेरे द्वारा पूर्ण कर ली गई हैं।

सलीम अख्तर पुत्र बशीर अली

निवासी पॉवधोई, ईदगाह रोड,

ज्वालापुर, हरिद्वार, उत्तराखण्ड।

पी0एस0यू0 (आर0ई0) 35 हिन्दी गजट/361–भाग 8–2019 (कम्प्यूटर/रीजियो)।

मुद्रक एवम् प्रकाशक–अपर निदेशक, राजकीय मुद्रणालय, उत्तराखण्ड, रुड़की।